# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025







# शेयर बाजार में भूचाल

## बाजार लहूलुहान

- फरवरी
- 40.80 लाख करोड़
- जनवरी
- 17.93 लाख करोड़
- दिसंबर
- 4.73 लाख करोड़
- नवंबर
- 1.97 लाख करोड़
- अक्टूबर
- 29.63 लाख करोड़



**रिकार्ड शिखर 85,978.25 से अब तक 12,780.15 अंक टूटा**

घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट के बीच शुक्रवार को निवेशकों को नौ लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। शेयर बाजार में तेज गिरावट के बाद, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,08,798.67 करोड़ रुपये घटकर 3,84,01,411.86 करोड़ रुपये रह गया।

**फरवरी में सबसे ज्यादा नुकसान**

## एक ही दिन में 9 लाख करोड़ स्वाहा पांच माह में डूबे 91 लाख करोड़ रुपए

**मुंबई।** शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर भारी गिरावट दर्ज हुई है। सेंसेक्स 1,414 अंक की गिरावट के साथ 73,198.10 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 420 अंक फिसलकर 22,124.70 अंक पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में हुई इस गिरावट ने करीब 30 साल पुराना रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिया। बीएसई सेंसेक्स में कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 26 सितंबर, 2024 से लगभग 25 लाख करोड़ रुपये कम हो गया है। दूसरी ओर, इसी अवधि के दौरान ओवर ऑल बीएसई-लिस्टेड फर्मों का कुल मार्केट वैल्यूवेशन लगभग 91 लाख करोड़ रुपये कम हुआ है। भारतीय शेयर बाजार में आज गिरावट की मुख्य वजह बैंकिंग सेक्टर को लेकर बढ़ती चिंताएं हैं। निवेशकों को डर है कि चौथी तिमाही के नतीजे कमजोर रह सकते हैं, जिससे बैंकिंग शेयरों में ▶▶| शेष पेज 4 पर

**इन शेयरों में रही गिरावटः** टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, इंफोसिस, टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले और मारुति

### क्यों दर्ज हुई इतनी बड़ी गिरावट?

मार्केट एक सपर्ट्स का मानना है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारी बिकवाली, अमेरिकी बांड पर बढ़ती आय, रुपए में भारी गिरावट, तीसरी तिमाही के आय में सुस्ती और हाई वैल्यूवेशन ने हाल के महीनों में बाजार की धारणा को प्रभावित किया है।

### सोना-चांदी की कीमत में मामूली बदलाव

भारतीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में आज मामूली बदलाव देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना सस्ता होकर 85,738 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है और चांदी की बात करें तो यह 95,725 रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में सीएसी और डीएएक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहा था।

- *1,414 अंक की गिरावट सेंसेक्स में*
- *73,198.10 अंक पर बंद हुआ सेंसेक्स*
- *420 अंक फिसला निफ्टी*
- *22,124.70 अंक पर निफ्टी हुआ क्लोज*
- *26 सितंबर 2024 से 25 लाख करोड़ का नुकसान*
- *91 लाख करोड़ रुपये पांच माह में कम हुई मार्केट वैल्यूवेशन*
- *1996 के बाद लगातार 5 महीने गिरावट पहली बार*
- *20 फीसदी से ज्यादा गिरा बीएसई मिडकैप*
- *22.78 फीसदी गिरा बीएसई स्मॉलकैप*
- *85,738 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका सोना*
- *95,725 रुपये प्रति किलोग्राम रही चांदी*
- *विदेशी निवेशक लगातार कर रहे बिकवाली*

## खबर संक्षेप

### ईपीएफओ ने 8.25% ब्याज बरकरार रखा



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने 2024-25 के लिए भविष्य निधि जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बरकरार रखने का निर्णय किया। यह ब्याज पिछले वित्त वर्ष के बराबर है। ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 में 8.15 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत

### त्रिपुरा में 24 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

**अगरतला।** त्रिपुरा के खोवाई और धलाई जिलों में सुरक्षा बलों ने 24 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए है। अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर असम राइफल्स और राजस्व खुफिया निदेशालय की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार को खोवाई जिले के तेलियामुरा में सीमेंट की बोरियों से लदे एक ट्रक को रोका और उसमें से 90,000 याबा टैबलेट बरामद कीं। इनकी कीमत नौ करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा

# सीएम साय का कांग्रेस पर कड़ा प्रहार, कहा जमकर किया भ्रष्टाचार, इसलिए सूपड़ा साफ

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान अपनी सरकार की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख किया और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कुशासन, भ्रष्टाचार और नाकामियों पर जमकर प्रहार किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों में भाजपा की सरकार है, जिसे उन्होंने ट्रिपल इंजन सरकार बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह ट्रिपल इंजन की सरकार पूरी ऊर्जा और गति के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करेगी और प्रदेश को विकास के नए शिखर पर ले जाएगी।

**नक्सली गोली का जवाब गोली सेः** मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लंबे समय से नक्सलवाद की समस्या से जूझ रहा है, उनकी सरकार ने इसे खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य जल्द ही नक्सल समस्या से मुक्त राज्य होगा। नक्सलवाद के उन्मूलन को लेकर हमारी नीति एकदम स्पष्ट है। हमने बोली का जवाब बोली और गोली का जवाब गोली से देने का निश्चय किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों हमने सबसे अच्छी पुनर्वास नीति बनाई है। आत्मसमर्पित नक्सलियों ▶▶| शेष पेज 4 पर



### सभी संशोधन अस्वीकृत

राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्ष के सदस्यों ने अपनी बात रखी। विपक्ष की ओर से संशोधन के प्रस्ताव भी रखे गए, जिसे अस्वीकृत कर दिया गया। मुख्यमंत्री के भाषण के बाद अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

### पीएम आवास योजना को कांग्रेस ने ठंडे बस्ते में डाला

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया था, जिससे लाखों गरीब अपने घर का सपना संजोए बैठे थे। लेकिन नई सरकार ने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद 18 लाख आवास स्वीकृत कर दिए। अगले वित्तीय वर्ष में तीन लाख और आवासों की मंजूरी दी गई है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस का सूपड़ा साफ

*मुख्यमंत्री ने अपने भाषण के दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने विधानसभा, लोकसभा और अभी हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। स्थानीय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने साबित कर दिया कि प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और सुशासन के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, हमने कहा था कि स्थानीय चुनावों में जीत हमारी होगी और जनादेश ने इसे सच कर दिखाया। कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है।*

### भर्ती पर विश्वास हुआ बहाल

*मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सिविल सेवा भर्ती घोटाले पर कहा कि कांग्रेस शासन में पीएससी भर्ती प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार हुआ। इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है और कई आरोपी जेल में हैं, जबकि कई कतार में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने हाल ही में आयोजित परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया है, जिससे युवाओं का सरकारी भर्ती प्रक्रिया पर विश्वास बहाल हुआ है।*

## सीजी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा आज से, 2.40 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा शनिवार 1 मार्च से प्रारंभ हो रही है। इस परीक्षा में 2 लाख 40 हजार 341 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 2397 केंद्र बनाए गए हैं और नकल रोकने के लिए माशिमं द्वारा कड़े इंतजाम किए गए हैं। 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होगी, जिसमें 3 लाख 28 हजार 450 बच्चे शामिल होंगे।

सीजी बोर्ड द्वारा आयोजित 12 वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर 28 मार्च तक चलेगी। दसवीं की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होकर 24 मार्च तक आयोजित होगी। शिक्षा मंडल द्वारा ▶▶| शेष पेज 4 पर






### हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की विधायक देवेंद्र यादव से खास बातचीत

# जमानत पर बाहर आए देवेंद्र ने कहा-जेल कठिन जगह है, लेकिन मैंने खुद को कमजोर नहीं होने दिया, मैं मजबूत हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

बलौदाबाजार अग्निकांड में छह माह तक जेल में रहने के बाद विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली। हाल ही मैं वे जेल से बाहर आए हैं। हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास चर्चा में उन्होंने कहा, बलौदाबाजार के मामले में छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री जैसे-जैसे मीडिया के सामने बातें रखते गए, वैसे-वैसे ही अधिकारियों ने कार्रवाई करने का काम किया। कायदे से ठीक से जांच होनी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। बेगुनाहों को जेल में डाला गया। देवेंद्र ने कहा कि जेल जाने से वे कमजोर नहीं, मजबूत हुए हैं। ▶▶| शेष पेज 4 पर




- *जिनकी एक समय में लोकसभा में बैठने की संभावना व्यक्त की जा रही थी, वो जेल पहुंच गए?*
- *जेल जाने का मुझे मलाल नहीं है। एक राजनीति विषय को लेकर मैं जेल गया। जेल जाने को मैंने एक तपस्या के रूप में लिया। कहा जाता है आप आंदोलन में समर्थन करने गए और आपने सोशल मीडिया में पोस्ट भी डाली। अगले दिन हमें पता चलता है, निर्दोष लोगों को पकड़कर जेल में डाल दिया गया है। बहुत सारे सतनामी समाज के लोगों के साथ अन्याय किया। हमने अपनी बात रखी। सरकार अपनी विफलताओं को दबाना चाहती है। जैसे-जैसे भाजपा के मंत्री पत्रकारवार्ता करके बोलते गए, वैसे-वैसे ही अधिकारियों ने कार्रवाई की। जहां तक लोकसभा का सवाल है तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जब छत्तीसगढ़ की जनता चाहेगी, वह मौका भी मिल जाएगा। छत्तीसगढ़ की जनता और कांग्रेस पार्टी हमसे क्या चाहती है, हम डरे नहीं। राहुल गांधी भी यही कहते हैं, हम डरे नहीं। मैंने निडरता से अपनी बात कही, उसका परिणाम यह रहा कि मुझे छह माह तक जेल में रख दिया।*

## खबर संक्षेप




### इस्तांबुल वार्ता : रूस ने रखा अमेरिका को दिया का प्रस्ताव

**इस्तांबुल।** रूसी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वाशिंगटन के साथ वार्ता के नवीनतम दौर के दौरान रूस ने अमेरिका को दोनों देशों के बीच सीधे हवाई संपर्क बहाल करने का प्रस्ताव दिया। दोनों देशों के राजनयिकों ने बृहस्पतिवार को इस्तांबुल में मुलाकात की और अपने-अपने दूतावासों के संचालन को सामान्य बनाने पर चर्चा की, जो पिछले वर्षों के दौरान राजनयिकों के निष्कासन के चलते बाधित रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय ने वार्ता को महत्वपूर्ण करार देते हुए एक बयान में कहा कि ''पारस्परिक आधार पर रूस और अमेरिका के राजनयिक मिशन की गतिविधियों का निर्बाध वित्तपोषण सुनिश्चित करने और राजनयिकों के आधिकारिक कर्तव्य निर्वहन के लिए उपयुक्त परिस्थितियां बनाने के वास्ते संयुक्त कदम उठाने पर सहमति हुई।''

## हाई कोर्ट ने एएसआई की रिपोर्ट पर दे दिया बड़ा आदेश

# संभल शाही जामा मस्जिद की नहीं होगी रंगाई-पुताई

**एएसआई ने किया कुएं का बारीकी से निरीक्षण**

**हिंदू पक्ष का आरोप मस्जिद कमेटी ने जानबूझकर स्वरूप बदला**

एजेंसी ▶▶| संभल

उत्तर प्रदेश के संभल में विवादित धर्मस्थल शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई नहीं होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। एएसआई की टीम को केवल सर्वेक्षण और सफाई करने की अनुमति है। कोर्ट के निर्देश पर 3 सदस्यीय टीम मस्जिद के सर्वे के लिए पहुंची थी, जिसने यहां अपनी रिपोर्ट पेश की है। अब इसी के आधार पर हाई कोर्ट ने रंगाई-पुताई नहीं करने का फैसला दिया है। दरअसल, संभल मस्जिद समिति की तरफ से इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक सिविल रिवीजन याचिका दाखिल हुई थी।

इसमें मस्जिद में रंगाई-पुताई कराने की अनुमति मांगी गई थी। इस पर कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। मस्जिद कमेटी से साफ तौर पर कहा कि वे इस समय केवल सफाई कार्य करवा सकते हैं। हाई कोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने फैसला दिया। एएसआई ने कोर्ट को अपनी जॉइंट इंस्ट्रक्शन रिपोर्ट सौंपते हुए बताया कि मस्जिद की वर्तमान स्थिति में किसी भी तरह की रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद में कोई ऐसी संरचनात्मक समस्या नहीं है, जिसके लिए मरम्मत या फिर रंगाई करने की आवश्यकता हो।

### एसआई टीम ने देखा कुआं

एएसआई की टीम ने मस्जिद के गेट पर स्थित कुएं को भी खुलवाकर देखा। टीम ने काफी देर तक बारीकी से इस कुएं को लेकर भी आपस में मंथन किया। इस कुएं के अधिकार को लेकर राज्य सरकार और जामा मस्जिद कमेटी के बीच का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। जामा मस्जिद कमेटी के सदर ने बताया कि कुएं को देखने के लिए टीम ने कहा था। इसलिए ताला खुलवाकर टीम को कुआं दिखाया गया है।



### पिछले साल भड़की थी हिंसा

बीते साल 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद या हरिहर मंदिर सर्वे के दौरान यहां जमकर हिंसा भड़की थी। बवाल के दौरान 4 लोगों की मौतें हुई थी जबकि 29 पुलिस वाले घायल हुए थे। इसके बाद से ही संभल पुलिस व प्रशासन एक्शन मोड़ में नजर आ रहा है। ताकि कोई भी उपद्रवी किसी भी तरह के उपद्रव में कामयाब ना हो सके हालांकि हिंसा के बाद से ही दंगाइयों की धर पकड़ का क्रम जारी है।

### शहर में शांति कायम है : एसपी संभल

संभल एसपी केके बिश्नोई ने कहा, 'शहर में शांति कायम है। पुलिस कर्मी और पीएसी की उचित तैनाती है। जुम्मे की नमाज के लिए सभी लोग अलर्ट हैं। कोर्ट के आदेश को जमीनी स्तर पर पूरी तरह लागू करना पुलिस का कर्तव्य है और हम ऐसा करेंगे।'

### हिंदू समाज के लोगों ने लगाया आरोप

जामा मस्जिद कमेटी में जिस समय एएसआई की टीम पहुंची तो कुछ हिंदू समाज के लोगों ने कहा कि मुख्य गेट पर जामा मस्जिद कमेटी ने कुछ हिस्सा जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया है। यह स्वरूप बदलने का प्रयास किया जा रहा है। एहतियाती तौर पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। आरोप लगा रहे लोगों को मौके से वापस भेज दिया गया। दरअसल मस्जिद के मुख्य गेट पर जो आकृति बनी है। उसका कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। जामा मस्दिज कमेटी के सदर का कहना है कि कुछ हिस्सा खुद ही गिर गया है। इसकी मरम्मत कराई जाएगी।


# अमेरिका में सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के आदेश पर रोक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

संघीय कर्मचारियों, खास तौर पर रक्षा भूमिकाओं में कार्यरत कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले एक विवादास्पद आदेश के बाद अमेरिकी प्रशासन की कार्यबल नीति जांच के दायरे में है।

सैन फ्रांसिस्को में एक संघीय न्यायाधीश ने अमेरिका में सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के आदेश पर रोक लगा दी है। जिसके बाद श्रमिक संघों और संगठनों के गठबंधन को अस्थायी राहत मिली, जिन्होंने ट्रम्प प्रशासन द्वारा संघीय कार्यबल को बड़े पैमाने पर समाप्त करने को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश विलियम अलसुप ने कार्मिक प्रबंधन कार्यालय को आदेश दिया कि वह कुछ संघीय एजेंसियों को सूचित करे कि उसके पास रक्षा विभाग सहित अन्य विभागोंके परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।

**ट्रंप और मस्क को लगा बड़ा झटका**



### इन्होंने की थी शिकायत

पांच श्रमिक यूनियनों और पांच गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा दायर की गई शिकायत, प्रशासन के कार्यबल को कम करने के प्रयासों को पीछे धकेलने वाले कई मुकदमों में से एक है, जिसे ट्रम्प ने अत्यधिक और लापरवाह कहा है। हजारों परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को पहले ही नौकरी से निकाल दिया गया है, और अब उनका प्रशासन सिविल सेवा संरक्षण प्राप्त कैरियर अधिकारियों को नौकरी से निकालने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। सरकार के वकील इस बात पर सहमत हैं कि कार्यालय को अन्य एजेंसियों में कर्मचारियों को नियुक्त करने या निकालने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन उन्होंने कहा कि कार्मिक प्रबंधन कार्यालय ने एजेंसियों से यह समीक्षा करने और निर्धारित करने को कहा है कि क्या परिवीक्षा पर चल रहे कर्मचारी निरंतर रोजगार के लिए उपयुक्त हैं।

# पाकिस्तान में मदरसे में ब्लास्ट, 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

**आतंकी हमले का जताया जा रहा अंदेशा**

पाकिस्तान के एक मदरसे में रमजान के पवित्र महीने से भीषण बम ब्लास्ट हुआ है। इसमें कई लोगों की जान चली गई है। बम विस्फोट के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के एक मदरसे में शुक्रवार को शक्तिशाली विस्फोट होने से पांच लोगों (नमाजियों) की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए।

स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस प्रमुख अब्दुल रशीद ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अक्कोरा खट्टक जिले में स्थित मदरसे में यह विस्फोट हुआ। उस दौरान लोग मदरसे में नमाज पढ़ रहे थे। उन्होंने बताया कि अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं तथा मृतकों व घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। घायलों की इलाज चल रहा है।



### आतंकी संगठनों पर शक

पाकिस्तान को आशंका है कि यह ब्लास्ट किसी आतंकी संगठन की ओर से किया गया है। एक पाकिस्तानी अधिकारी ने बताया कि जामिया हक्कानिया नामक मदरसे में हुए हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी भी आतंकवादी संगठन ने नहीं ली है। उन्होंने बताया कि यह मदरसा अफगान तालिबान के साथ संबंधों के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के ऐसे कायराना और जघन्य कृत्य आतंकवाद के खिलाफ हमारे संकल्प को कमजोर नहीं कर सकते।' (हम) देश से आतंकवाद के सभी रूपों को पूरी तरह से मिटाने के लिए दृढ़ हैं।' आंतरिक मंत्रालय के एक्स पर पोस्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने भी विस्फोट की निंदा की, गहरा दुख और खेद व्यक्त किया।

**दो महिला जजों की होगी बहाली, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाईकोर्ट का फैसला**

# 'संवेदनशीलता दिखाएं, भारत में महिलाओं के लिए अच्छा माहौल बनाने की जरूरत'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दो महिला जजों की बहाली का आदेश दिया। जिन्हें मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और सरकार की प्रतिकूल रिपोर्ट के बाद सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन कोटीश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि असेसमेंट पीरियड के दौरान एक जज की शादी हुई थी। इसके अलावा उन्हें कोविड हुआ फिर गर्भपात भी झेलना पड़ा। उनके भाई को कैंसर हो गया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट की रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया है कि लगातार उनका प्रदर्शन खराब ही था। ऐसे में बर्खास्तगी से पहले उन्हें मौका मिलना चाहिए। इस तरह से किसी को बर्खास्त कर देना अवैध और दंडात्मक है। उन्होंने कहा कि महिला न्यायिक अधिकारियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है।



### कार्रवाई पर उठाए सवाल

बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट की रिपोर्ट हमें सील कवर में मिली है। हमें लगता है कि दंड के रूप में यह कार्रवाई की गई है। ऐसे में सरकार के आदेश को एक तरफ रखा जाता है। कोर्ट ने कहा कि दोनों महिला जज फिर से ज्वाइन करने की योग्य हैं। 15 दिनों के भीतर उन्हें बहाल किया जाए और जिस दौरान वे ड्यूटी पर नहीं थीं, उसे भी पेंशन बेनिफिट के तौर पर जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं के लिए अच्छा माहौल बनाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 दिसंबर 2024 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दो महिला न्यायिक अधिकारियों की सेवा समाप्ति से संबंधित मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 11 नवंबर 2023 को कथित असंतोषजनक प्रदर्शन के कारण राज्य सरकार द्वारा छह महिला दीवानी न्यायाधीशों की बर्खास्तगी का स्वतः संज्ञान लिया था। हालांकि, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की एक पूर्ण कोर्ट ने 1 अगस्त 2024 को अपने पहले की प्रस्तावों पर पुनर्विचार किया और चार अधिकारियों- ज्योति वरकड़े, सोनाक्षी जोशी, प्रिया शर्मा और रचना अतुलकर जोशी को कुछ शर्तों के साथ बहाल करने का फैसला किया, जबकि अन्य दो अदिति कुमार शर्मा और सरिता चौधरी को इस प्रक्रिया से बाहर रखा गया था।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## टॉयलेट...एक संघर्ष कथा-2

दुर्ग जिले से ग्राउंड रिपोर्ट



जर्जर शौचालय शासकीय प्राथमिक शाला ढ़ौर क्रमांक 2

# दुर्ग जिले के स्कूलों में 2200 टॉयलेट, इनमें आधे कंडम, कुछ में ताले

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

हरिभूमि खास

दुर्ग के 70 प्रतिशत सरकारी स्कूलों का शौचालय जर्जर हाल में है। जिसकी वजह से इन शौचालयों का इस्तेमाल विद्यार्थी नहीं कर पाते। 30 प्रतिशत शौचालय की स्थिति अच्छी है, लेकिन इस पर स्कूल प्रबंधकों ने ताला जड़ दिया है। इसका उपयोग केवल स्टाफ करते है और विद्यार्थियों को नहीं जाने देते। इन हालातों में सबसे ज्यादा दिक्कत छात्राओं को उठानी पड़ रही है। छात्राएं मानसिक परेशानी से जूझ रही हैं। हरिभूमि ने कई स्कूलों की पड़ताल की। पड़ताल के ⏭ शेष पेज 4 पर




जर्जर विकलांग शौचालय शासकीय स्कूल मरोदा टैंक

### 1.62 लाख विद्यार्थी और टायलेट महज 2210

दुर्ग जिले में 1105 सरकारी स्कूल हैं। जिसमें 582 प्राथमिक, 334 पूर्व माध्यमिक, 50 हाई स्कूल और 139 हायर सेकंडरी स्कूल शामिल हैं। इन स्कूलों में 1 लाख 62 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। सर्वशिक्षा अभियान और राष्ट्रीय शिक्षा मिशन द्वारा प्राथमिक शालाओं में एक और पूर्व, हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में दो टॉयलेट का निर्माण करवाया गया है। इस हिसाब से दुर्ग जिले में महज औसतन 2210 टायलेट का निर्माण करवाया गया है। इसमें से 70 प्रतिशत यानी 1547 टायलेट जर्जर है। विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से शौचालयों की संख्या वैसे ही इतने कम हैं। उसके बावजूद भी शौचालयों के रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है और न ही छात्राओं की मानसिक स्थिति समझी जा रही है।

### इन उदाहरणों से जानिए जर्जर शौचालयों की स्थिति

**केस वन** यह तस्वीर शासकीय प्राथमिक शाला ढौर क्रमांक 2 की है। दुर्ग ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले इस स्कूल में सबसे ज्यादा छात्राएं अध्ययनरत हैं। कुल 71 बच्चे दर्ज हैं। जिसमें 24 छात्र और 47 छात्राएं हैं। यहां का शौचालय खंडहर हो चुका है। इसलिए यह न ही विद्यार्थियों के लिए उपयोग होता है और न ही स्टाफ के लायक है। ⏭ शेष पेज 4 पर

**केस दो** यह तस्वीर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टंकी मरोदा की है। यह स्कूल दो पालियों में लगती है। पूर्व माध्यमिक, हाई व हायर सेकंडरी स्कूल के 1500 विद्यार्थी यहां अध्ययनरत हैं। इतनी ज्यादा दर्ज संख्या होने के बाद भी यहां का शौचालय जर्जर हाल में हैं। दिव्यांग शौचालय का दरवाजा कंडम हो चुका है, इसलिए इसका उपयोग ही विद्यार्थी नहीं करते।

**केस तीन** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस में कुल 87 स्कूली बच्चे पढाई करते हैं। जिसमें 39 छात्राएं और 47 छात्र अध्यनरत है। शासकीय प्राथमिक शाला में 124 बच्चे पढ़ते हैं। पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस का शौचालय खराब हो गया है। तीन में से दो शौचालय जर्जर हैं और उसमें ताला लगा दिया गया ⏭ शेष पेज 4 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने, रिश्ते की 17 वर्षीय बहन के साथ बलात्कार के आरोपी व्यक्ति को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और उस पर 10 हज़ार रुपये जुर्माना भी लगाया। पॉक्सो अधिनियम अदालत के विशेष न्यायाधीश अंजनी कुमार सिंह ने सजा सुनाई।

### दो बेटियों सहित महिला ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी



**कोट्टायम।** केरल के कोट्टायम में शुक्रवार की सुबह रेल पटरी पर एक महिला और उसकी दो बेटियों के शव मिले। समझा जा रहा है कि महिला ने दोनों बेटियों के साथ ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। मृतकों की पहचान शाइनी कुरियाकोस और उनकी बेटियां अलीना, इवाना के रूप में हुई है।

### महोबा में कार ट्रक से टकराई, चार की मौत



**महोबा।** महोबा जिले के श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-सागर राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार कार के एक ट्रक से टकरा जाने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और एक अन्य व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसा बड़ा नाला के पास उस समय हुआ, जब परिवार प्रयागराज से भोपाल लौट रहा था।

### 122 करोड़ के घोटाले में व्यवसायी का बेटा भी गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये के गबन मामले में वांछित व्यवसायी के बेटे को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि ईओडब्ल्यू ने बृहस्पतिवार को 33 वर्षीय मनोहर अरुणाचलम को गिरफ्तार किया जो फरार था।

### चारा लेने गई महिला को तेंदुए ने मार डाला



**बिजनौर।** बिजनौर जिले में जंगल में पशुओं के लिए चारा लेने गयी एक महिला को तेंदुए ने मार डाला। वन रेंज अधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि चांदपुर थाना क्षेत्र के चौधेड़ी गांव की निवासी जयपाल की 35 वर्षीया पत्नी सुमन कल शाम को जंगल में चारा लेने गयी थी। काफी देर बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश की गई।

## उत्तराखंड में बड़ा हादसा : बचाव में जुटी आईटीबीपी, सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें

# धंस गया बर्फ का पहाड़

पांच कंटेनरों का पता लगा

## 57 मजदूर दबे, 34 को बचाया, 23 के लिए जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

*उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव में शुक्रवार सुबह आए तेज हिमस्खलन की चपेट में आए सीमा सड़क संगठन के जनरल रिजर्व इंजीनियरिंग फोर्स के एक कैंप में फंसे 57 मजदूरों में से 34 को सुरक्षित बचा लिया गया है जबकि बाकी बचे हुए 23 लोगों को निकालने के लिए भारतीय सेना, भारत-तिब्बत सीमा व अन्य सुरक्षाबलों का राहत एवं बचाव अभियान जारी है। यह हादसा हुआ, जब बीआरओ के सभी मजदूर इलाके में एक सड़क से बर्फ हटाने के काम में लगे हुए थे।*

हिमस्खलन के चलते प्रभावित क्षेत्र की ओर जाने वाला मार्ग बंद है। जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी हो रही है। वहीं मौसम की खराबी के कारण हेलीकॉप्टर की सेवाएं भी नहीं ली जा पा रहीं हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है। जानकारी के अनुसार गढ़वाल सेक्टर के माणा गांव के पास जीआरईएफ कैंप पर हिमस्खलन हुआ। इंडियन आर्मी द्वारा दी गई जानकारी



के अनुसार, हिमस्खलन सुबह करीब सवा सात बजे आया, जिसमें माणा और बद्रीनाथ के बीच एक मजदूरों का कैंप प्रभावित हुआ। इस भूस्खलन की वजह से आठ कंटेनर्स और एक शेड में 57 मजदूर दब गए थे जिनमें से 34 को बचा लिया गया। शेष 23 लोगों को बचाने अभियान चल रहा है।



- सड़क से बर्फ हटाने के दौरान हादसा
- घटना बद्रीनाथ से 3 किमी दूर माणा गांव में हुई

### सीएम धामी ने जताया दुख



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है। एक्स पर पोस्ट लिखकर भगवान बद्री विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं। सीएम ने कहा कि आईटीबीपी और बीआरओ द्वारा राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है। भगवान बदरी विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं।

### गृह और रक्षा मंत्री ने ली जानकारी

केंद्र से गृह मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राहत एवं बचाव अभियान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से फोन पर बातचीत कर इस मामले में जानकारी ली और कहा कि हादसे में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालना हमारी प्राथमिकता है। गृह मंत्री की डीजीपी आईटीबीपी और एनडीआरएफ से भी बात की।

### खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं

मौके पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और बीआरओ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। बीआरओ कमांडर अंकुर महाजन ने बताया कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

### उत्तराखंड के कई इलाकों में 6 इंच तक बर्फ जमी

उत्तराखंड के कई इलाकों में पिछले 24 घंटे से बर्फबारी और बारिश हो रही है। केदारनाथ सहित आसपास के क्षेत्रों में 4 से 6 इंच तक बर्फ जम चुकी है। इसके अलावा मदमहेश्वर व तुंगनाथ धाम में भी बर्फबारी हो रही है।

**भारत-तिब्बत का आखिरी गांव माणा:** प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि बदरीनाथ से करीब तीन किलोमीटर दूर माणा भारत-तिब्बत सीमा पर बसा आखिरी गांव है जो 3200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संवाददाताओं से कहा हिमस्खलन से बर्फ में दबे सीमा सड़क संगठन के हताहत लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं।

### घाटी में रेल, वायु, सड़क यातायात प्रभावित

**श्रीनगर।** कश्मीर में रातभर हुए हिमपात के कारण शुक्रवार को रेल, हवाई और सड़क यातायात प्रभावित हुआ तथा अधिकांश हिस्से बर्फ से ढक गए। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन, मिट्टी धंसने और पत्थर गिरने की घटनाएं सामने आईं। खराब मौसम के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। इसके अलावा रेल यातायात और श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन भी बाधित हुआ। बर्फ जमा होने के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया।

### उत्तराखंड और हिमाचल में भी तबाही

बर्फबारी, बारिश और हिमस्खलन से जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल के कुछ इलाकों में भारी तबाही का माहौल है। कश्मीर जम्मू हाइवे और लद्दाख हाइवे पर आवागमन बंद है। हिमाचल के कुल्लू जिले में भारी बारिश से गाड़ियां नाले में बह गईं। यहां एक यात्री बस पलटने की भी सूचना मिली है।

## हाई कोर्ट का फैसला

# नियमों के खिलाफ एमबीबीएस पीजी में दी सीट, पूरी प्रक्रिया रद्द



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस पीजी एडमिशन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में महाधिवक्ता ने गड़बड़ी स्वीकार की थी, जिस पर कोर्ट ने स्ट्रे राउंड की काउंसिलिंग पर रोक लगा दी थी। अब हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में आदेश ⏭ शेष पेज 4 पर

### आपत्ति को किया गया था नजरअंदाज

पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उन्होंने गड़बड़ी की शिकायत विभाग के अफसरों से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिम्मेदार अधिकारियों ने एक निजी उम्मीदवार को सेवारत श्रेणी में प्रमाणित किया है। जांच में पता चला कि सेवा अवधि की गणना 31 जनवरी 2024 के बाद तक बढ़ा दी गई। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि अगर कटआफ तारीख का पालन किया जाता, तो ⏭ शेष पेज 4 पर

## मेयर ने संप्रभुता की जगह पढ़ा सांप्रदायिकता, दुबारा ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शमुंगेली नाका चौक के मैदान में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कार्यक्रम स्थगित होने के कारण केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी चूक हो गई। शपथ लेते समय मेयर पूजा विधानी ने संप्रभुता शब्द की जगह सांप्रदायिकता पढ़ दिया। जैसे ही यह गलती हुई, मंच पर हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने तुरंत आपस में चर्चा की और उन्हें दोबारा शपथ दिलाई गई।

# पीसीसी चीफ बैज की 'जासूसी' पर बवाल सदन में शोर, 16 कांग्रेस विधायक सस्पेंड






हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पीसीसी चीफ दीपक बैज की रेकी के आरोपों पर प्रदेश में बवाल मच गया है। कांग्रेस ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। सदन के अंदर और बाहर इस पर जमकर हंगामा जारी है। शुक्रवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के घर रेकी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने इस दौरान विपक्षी विधायकों को नारेबाजी बंद कर प्रश्नकाल शुरू करने की अपील की, लेकिन इसका असर विधायकों पर नहीं ⏭ शेष पेज 4 पर

- आरोप-सरकार करा रही जासूसी-रेकी, पूछा आखिर क्यों, डर किस बात का ?

### सरकार के आदेश पर कराई रेकी

विधायक उमेश पटेल ने कहा, पुलिस पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के घर रेकी कर रही है। आप क्या करना चाहते हैं, पुलिस प्रशासन से लोगों को डराना चाहते हैं। ये कहते ही कांग्रेस विधायकों का हंगामा और बढ़ गया। विधायकों ने कहा, सरकार आपकी है, प्रशासन आपका है, फिर बात करने से क्यों डर रहे हैं। विधायकों ने कहा, सरकार के आदेश पर प्रदेश अध्यक्ष के घर रेकी करवाई जा रही है। सदन में कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की। काफी मनाने के बाद भी जब विधायकों की नारेबाजी नहीं रुकी, तो विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

### 16 कांग्रेस विधायक निलंबित

सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने के बाद भी कांग्रेस विधायकों की नारेबाजी और हंगामा जारी रहा। इसके बाद रमन सिंह ने कहा कि प्रश्नकाल पक्ष-विपक्ष दोनों के लिए महत्वपूर्ण रहता है। छत्तीसगढ़ विधानसभा में कभी ऐसी परंपरा नहीं रही कि प्रश्नकाल को बाधित किया जाए। इसके बाद अध्यक्ष ने विधायक लता उसेंडी से प्रश्न करने को कहा, लेकिन कांग्रेस विधायकों की नारेबाजी लगातार जारी रही। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित सभी कांग्रेस विधायक आसंदी के पास पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित 16 कांग्रेस विधायकों को सदन की कार्यवाही से निलंबित कर दिया और उन्हें सदन से बाहर जाने के लिए कहा। हालांकि कुछ देर बाद रमन सिंह ने निलंबित विधायकों का निलंबन खत्म कर दिया।

### 24 घंटे के अंदर हिल गई भारत पाक, नेपाल सहित 6 देशों की धरती

**नई दिल्ली।** पिछले 24 घंटे में छह देशों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इन देशों में भारत, तिब्बत, नेपाल, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और म्यांमार में भूकंप से धरती हिल उठी। भूकंप का असर बिहार की राजधानी पटना तक महसूस किया गया। 27 फरवरी को असम में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, तीन घंटे के अंदर भारत, नेपाल, तिब्बत और पाकिस्तान के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत में पटना के लोगों को सुबह 2.35 बजे तेज झटके महसूस किए जिसके बाद लोग घरों से बाहर निकल आए।

## अमेरिकी और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच तीखी बहस

# जेलेंस्की-युद्ध विराम के लिए नहीं करेंगे समझौता
# ट्रंप - आप कोई भी डील करने की स्थिति में नहीं

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की मुलाकात की। यूक्रेन में लंबे समय से चल रहे संघर्ष में युद्ध विराम को लेकर दोनों नेताओं में तीखी बहस हो गई। इस दौरान ट्रंप ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा आप अमेरिकी मदद के प्रति शुक्रगुजार नहीं हैं। यूक्रेन रूस युद्ध गलत दिशा में जा रहा है। रूस के साथ हमारी चर्चा हुई है। रूस के साथ यूक्रेन ⏭ शेष पेज 4 पर



### जेलेंस्की को तानाशाह कहकर पलटे ट्रंप

इस मुलाकात से पहले ट्रंप से जेलेंस्की को 'तानाशाह' बताने वाले अपने बयान से पलट गए। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा क्या मैंने ऐसा कहा? मुझे यकीन नहीं है कि मैंने ऐसा कहा। बता दें ट्रम्प ने पिछले सप्ताह कहा था कि जेलेंस्की बिना चुनाव वाले तानाशाह हैं। उन्होंने सिर्फ अपनी जिद में देश को लड़ाई में झोंक दिया और लाखों जानें ले लीं।

### जेलेंस्की ने युद्ध की तस्वीरें दिखाईं

इस पर जेलेंस्की ने ट्रम्प को जंग की तस्वीरें दिखाई और कहा कि शांति की डील में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा, 'मुझे लगता है कि ट्रम्प हमारे साथ हैं। बता दें कि इससे पहले बाद रूस-यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि वे शांति की खातिर कुछ भी करने को तैयार हैं।

## समाधि स्थल से मोक्ष भूमि पहुंचेंगी जैन साध्वियां

# 79 वर्षीय गुरुमती माता करेंगी 900 किमी की यात्रा

धन्यकुमार जैन ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

सांसारिक मोह त्याग कर आत्म कल्याण की ओर अग्रसर साध्वी वृंदो का विशाल समूह इन दिनों ऐसी पद यात्रा पर निकला है, जो गुरु की समाधि स्थल से शुरू होकर 20 तीर्थंकरों और करोड़ों मुनियों की मोक्ष भूमि में समाप्त होगी। ब्रह्मलीन जैन आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की जेष्ठ श्रेष्ठ शिष्य आर्यिका 105 गुरुमती माता ⏭ शेष पेज 4 पर

### तय करेंगी 900 किमी की दूरी

79 वर्षीय आर्यिका गुरुमति माता, 64 वर्षीय दृढ़मति माता, पावन मति माता सहित 48 साध्वी वृंदो का दल जैनाचार्य विद्यासागर महाराज को विनयांजलि देने के बाद राज्य के पहले तीर्थ चन्द्रगिरी से करीब 900 किमी की दूरी पर झारखंड में स्थित सम्मेद शिखर तीर्थ के लिए विहार कर रही हैं। साध्वी वृंद दुर्ग, रायपुर, जशपुर, अंबिकापुर होते हुए सम्मेद शिखर जी पहुंचेंगी।



**42 साल बाद देवभूमि में कदमः** जानकारी के अनुसार बंडा (सागर) के प्रभाचंद जैन के घर 30 जुलाई 1956 को जन्म लेने वाली सुमन ने 18 साल की आयु में ब्रह्मचर्य व्रत अंगीकार किया था। इसी अवधि में उन्होंने जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के साथ 1983 में सम्मेद शिखर तीर्थ की वंदना की थी। आचार्य श्री ने उन्हें 2 अक्टूबर 1987 को आर्यिका दीक्षा दिया था। वह आचार्य श्री की पहली शिष्य हैं। आर्यिका गुरुमति माता करीब 42 सालों बाद 20 तीर्थकरो की मोक्ष भूमि जा रही हैं।

### बेहद कठिन डगर

जीवन के 79 बसंत देख चुकी आर्यिका गुरुमति माता सहित अन्य साध्वियां आने वाले दिनों में झुलसा देने वाली गर्मी के बीच नंगे पैर लंबी दूरी तय कर 20 तीर्थकरों की मोक्ष भूमि पहुंचेंगी। गौरतलब है कि जिस प्रकार मुस्लिम समुदाय के लिए मक्का मदीना और हिन्दुओं के लिए चार धाम बेहद महत्वपूर्ण स्थान हैं, इसी प्रकार जैन अनुयायियों के लिए सम्मेद शिखर सबसे पावन तीर्थ है। कहा जाता है कि जो भी 27 किमी के क्षेत्रफल में फैले इस तीर्थ की तीन वंदना करता है, उसे नर्क गति प्राप्त नहीं होती है।

## चिंतन

# शेयर बाजार में हाहाकार शुभ आर्थिक संकेत नहीं

भारतीय अर्थव्यवस्था भारी उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। लगातार दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ की रफ्तार सुस्त है, व्यापार घाटा बढ़ रहा है, विदेश मुदा भंडार पर भारी दबाव है, डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। राजकोषीय व वित्तीय घाटा में इजाफा हो रहा है, सार्वजनिक व्यय सिकुड़ रहा है। निजी निवेश भी नहीं बढ़ रहा है, महंगाई चरम पर है और अब भारतीय शेयर बाजार क्रैश कर रहा है। स्टॉक मार्केट के लिए आज ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ है। फरवरी माह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1414 अंक लुढ़का है और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार आठवें दिन गिरावट को जारी रखते हुए 420 अंक टूटा है। इस भारी गिरावट से बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सूचकांक सेंसेक्स पिछले साल 27 सितंबर को हासिल 85,978.25 के अपने रिकॉर्ड शिखर से अब तक 12,780.15 अंक यानी 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल टैरिफ व चीन के उत्पादों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने के ऐलान के बाद से व्यापार युद्ध शुरू होने की आशंका में दुनिया भर के बाजारों में हाहाकार मचा हुआ है। इस दबाव में भारतीय घरेलू स्टॉक मार्केट भी है। विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय बाजार में भारी बिकवाली कर रहे हैं, वे यहां से पैसा निकाल कर चीन का रुख कर रहे हैं। कनाडा और मेक्सिको से अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने, चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाने की अमेरिकी घोषणा और यूरोपीय संघ से आयात पर भी शुल्क लगाए जाने की आशंका ने बाजार की घबराहट को बढ़ा दिया है। हालांकि अमेरिकी, जर्मन व चीनी स्टॉक मार्केट मजबूत हो रहे हैं। अकेले फरवरी महीने में ही निफ्टी 1,383.7 अंक यानी 5.88 प्रतिशत गिर गया जबकि इस महीने सेंसेक्स ने 4,302.47 अंक यानी 5.55 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह निफ्टी में लगातार मासिक गिरावट का करीब तीन दशकों का सबसे लंबा दौर है। अक्टूबर 2024 से, निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है। 1996 के बाद यह पहली बार है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट दर्ज की गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26 फीसदी गिरा था। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के अधिकांश बाजारों में गिरावट का दौर है। 30 सितंबर 2024 को बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप 474 लाख करोड़ रुपये था जो 28 फरवरी को घटकर 384 लाख करोड़ रुपये रह गया। महज, 5 महीनों में निवेशकों की संपत्ति 90 लाख करोड़ रुपये घट गई है। विदेशी निवेशकों ने केवल पांच महीनों (अक्टूबर 2024-फरवरी 2025) में, भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। सितंबर और दिसंबर तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों के कारण निवेशकों ने ये बिकवाली की है। निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं। नए सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडेय के सामने स्टॉक मार्केट में स्थिरता लाने की चुनौती होगी। भारतीय बाजार में गिरावट का सबसे अधिक असर पिगी इन्वेस्टर (खुदरा आम निवेशक) पर पड़ता है, इसलिए अर्थव्यवस्था के संकेतकों को स्थिर रखना आवश्यक है।



विश्लेषण
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# दिल्ली सरकार वादों पर संकल्पबद्ध

> पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का ख़ज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत हैं, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली ख़ज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने कामकाज शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की टीम अपनी टीस को पीछे रख दिल्ली को संवारने के प्रयास में जुट गई है। 27 वर्ष बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद से, सरकार गठन तक 8 फरवरी से 20 फरवरी के बीच भाजपा के अंदर अनेक उतार-चढ़ाव देखे गए। अनेक भाजपा नेताओं की उम्मीदों पर तुषारापात हुआ, अनेक के सपने चकनाचूर हुए।

अनेक चेहरों पर हैरानगी व रोष नज़र आया। दिग्गज दावेदार बाट जोहते रहे, नेपथ्य से ऐसा तीर निकला कि सभी भौचक्के रह गए। खैर भाजपा का यह 'रेखा प्रयोग' सफल होता है या आत्मघाती साबित होता है, यह वक्त ही बताएगा, लेकिन दिल्ली के चुने हुए भाजपा विधायकों को सीएम चुनने के लिए 'पार्टी के ऊपर से पर्ची सिस्टम' को बदलने की दिशा में आत्ममंथन करना चाहिए। संवैधानिक रूप से विधायक दल का नेता चुनने का अधिकार केवल और केवल विधायकों का ही होना चाहिए। जिस लोकतंत्र से विधायक बनते हैं, उसी तरह लोकतांत्रिक तरीके से ही विधायक ही अपना नेता चुनें, तो अधिक योग्य नेता का चुनाव हो सकेगा। राष्ट्रीय पार्टी को भी पर्ची सिस्टम से बचना चाहिए। खैर, भाजपा के 'आलाकमान आकाओं' ने रेखा गुप्ता के हाथ में दिल्ली की कमान सौंप दी है। अब पहली बार विधायक बनने के बाद, सीधे सीएम बनीं रेखा गुप्ता के समक्ष भाजपा के चुनावी वादों को कार्यान्वित करने व दिल्ली को 'स्मार्ट सिटी', अंतरराष्ट्रीय स्तर की विकसित राजधानी बनाने की चुनौती है। बकौल रेखा, दिल्ली का खज़ाना खाली है, जबकि पूर्व आप सरकार का दावा है कि दिल्ली के पास सरप्लस बजट है। रेखा मुख्यमंत्री आवास 'शीशमहल' में नहीं रहेंगीं। भाजपा के संकल्प पत्र पर नज़र डालें, तो काम बहुत हैं, और उसके लिए पांच वर्ष का समय है। सबसे पहले आठ मार्च से पहले महिलाओं को 2500 रुपये देने के वादे पूरे करने होंगे, इसके लिए इतने कम समय में लाभार्थियों की पहचान व खाली ख़ज़ाने की पूर्ति बजट में इंतजाम होगी।

रोहिणी में अपने चुनावी भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि हमने अपनी बहनों को 2,500 रुपये प्रति माह देने का संकल्प लिया है। यह गारंटी पूरी होगी क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। वित्त प्रबंधन करने से लेकर, मुख्य चुनावी वादों को पूरा करने व यमुना की सफाई करने तक, भाजपा सरकार के सामने, प्रशासनिक कामकाज शुरू करने के लिए बहुत कार्य हैं। पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को भी जारी रखने का वादा भाजपा की ओर से किया गया था। चुनावी प्रचार के दौरान पीएम मोदी व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में भ्रष्टाचार को खत्म किया जाएगा। पिछली आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना भाजपा सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ़्त बिजली, मुफ़्त पानी का कनेक्शन व महिलाओं के लिए मुफ़्त बस यात्रा शामिल हैं। शहर के प्रदूषण व बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना होगा व यमुना की सफ़ाई करनी होगी। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी



की वित्तीय सेहत पर नज़र रखते हुए ये सारे कार्य पूरे करने हैं। विपक्ष के तौर पर आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार पर दबाव बनाए रखेगी। भाजपा को दिल्ली में अपने संकल्प पत्र के प्रमुख कार्यक्रमों को भी लागू करना होगा। भाजपा ने दिल्ली में 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना' शुरू करने का वादा लागू करने का निर्णय ले लिया है। इस योजना में प्रति लाभार्थी को 5 लाख रुपये तक का मुफ़्त इलाज उपलब्ध है व साथ ही राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 5 लाख रुपये का खर्च वहन किया जाएगा। 'आप' सरकार ने पहले इसे लागू करने से इनकार कर दिया था, यह दावा करते हुए कि दिल्ली की मौजूदा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बेहतर व अधिक समावेशी है। भाजपा ने दिल्ली के 'मोहल्ला क्लीनिकों' में सुधार करने की आश्वासन दिया है।

राजौरी गार्डन से भाजपा विधायक व मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि क्लीनिकों को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में पुनः ब्रांडेड किया जाएगा व बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएंगी। भाजपा ने 'आप' पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है कि वह वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने के लिए जान-बूझकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने से बचती रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा था कि सभी लंबित सीएजी रिपोर्ट को पेश किया जाएगा व सभी भ्रष्टाचार के आरोपों की गहन जांच की जाएगी।

दिल्ली विधानसभा में कैग रिपोर्ट को पेश कर दिया गया है, जिसमें अस्पताल व शराब घोटाले को लेकर बात की गई है। आप के खिलाफ भ्रष्टाचार के दो मुख्य आरोप 'शीश महल' विवाद व 'शराब नीति' मामले में थे। जब भाजपा ने एक दशक लंबे शासन में नदी की सफाई में विफल रहने के लिए 'आप' को घेरा, तो अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार 'ज़हरीली अमोनिया से यमुना नदी को प्रदूषित कर रही है'। इसका कोई साक्ष्य नहीं है। दिल्ली सरकार ने यमुना के 57 किलोमीटर लंबे हिस्से में सफाई अभियान के लिए कचरा हटाने वाली मशीनें व ड्रेज़र तैनात करना शुरू कर दिया है।

भाजपा सरकार पर दिल्ली की बिगड़ी सड़कों व सीवेज व्यवस्था को सुधारने का दबाव है। खराब बुनियादी ढांचा मतदाताओं की एक बड़ी चिंता थी व इन मुद्दों को संबोधित करना सरकार की विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण है। दिल्ली आज विश्व का अधिकतम प्रदूषित शहर है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने 'गैस चैम्बर' कहा है। भाजपा सरकार पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अपडेट करने सहित एक प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति को लागू करना आवश्यक है। भाजपा के लिए एक और चुनौती दिल्ली में एक स्थिर नेतृत्व बनाए रखना होगा। 1993 से 1998 तक के अपने पिछले कार्यकाल के दौरान, पार्टी के तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री थे- मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा व सुषमा स्वराज। सुषमा स्वराज केवल 52 दिन की मुख्यमंत्री रहीं। क्या इतिहास खुद को दोहरा सकता है व पांच साल में तीन मुख्यमंत्री देखे जा सकते हैं? दिल्ली में भाजपा के अगले पांच साल व्यापक राजनीतिक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण होंगे। दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन 'आप' के भविष्य को आकार देने व देश की राजनीतिक दिशा निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। दिल्ली को ग्लोबल सिटी बनाने का वादा, भाजपा के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। अब सीएम रेखा सरकार के प्रशासनिक निर्णय व उनके कार्यान्वयन पर सभी की नज़र है। दिल्लीवासियों को पिछले पांच सालों में अनेक प्रताड़नाओं से जूझना पड़ा। अब उम्मीद कायम है कि भाजपा संकल्पबद्ध है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक, शिक्षाविद व सॉलिसिटर फॉर ह्यूमन राइट्स संरक्षण हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
मुनीष भाटिया



# भारत के 'तेल व्यापार' पर अमेरिकी आपत्ति अस्वीकार्य

भारत एक संप्रभु राष्ट्र है और अपनी आर्थिक एवं व्यापारिक नीतियों को तय करने का पूर्ण अधिकार रखता है। भारत, वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से उभरती हुई शक्ति बन चुका है और ऐसे में किसी अन्य देश द्वारा उसकी नीतियों में हस्तक्षेप करना उसकी सम्प्रभुता का उल्लंघन ही माना जाएगा। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत की कंपनियों के ईरान से अप्रत्यक्ष रूप से तेल खरीदने पर आपत्ति जताना और प्रतिबंध लगाने की धमकी देना उसी दादागिरी का हिस्सा है, जो वह पहले भी रूस से तेल खरीदने के मामले में दिखा चुका है। अमेरिका अक्सर अपनी ताकत का इस्तेमाल करके दूसरे देशों पर अपनी नीतियां थोपने की कोशिश करता है। अमेरिका को समझना होगा कि भारत न तो किसी दबाव में आएगा और न ही अपनी संप्रभुता से समझौता करेगा। अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंध या सहायता पर रोक जैसे कदम केवल उसकी असल मानसिकता को ही दर्शाते हैं, जिससे उसकी वैश्विक छवि को नुकसान होगा। आज की स्थिति में अमेरिका को यह समझना चाहिए कि भारत केवल एक उभरता बाजार ही नहीं बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अहम हिस्सा भी बन गया है। भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3.73 ट्रिलियन डॉलर है। अनुमान है कि 2027 तक यह 4.5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर जाएगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 2023 में 191 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका को भारतीय बाजार की ज्यादा जरूरत है। अमेरिका यदि भारत पर किसी भी प्रकार की व्यापारिक पाबंदी लगाता है, तो इससे उसे भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, क्योंकि भारत में एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और टेस्ला जैसी अमेरिकी कंपनियां अपना विस्तार कर रही हैं। भारत अपनी कुल तेल जरूरत का 85% आयात करता है। 2023 में भारत ने 1.64 मिलियन बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का आयात रूस से किया, जिससे रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया। 2018 तक भारत ईरान से 480,000 बैरल प्रतिदिन तेल आयात कर रहा था, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण इसमें गिरावट आई। अब भारत फिर से ईरान से तेल खरीदने के विकल्प तलाश रहा है। अमेरिका ने पहले भी रूस से भारत के तेल खरीदने पर दबाव बनाया था, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत अपने नागरिकों के हित में निर्णय लेता है, न कि किसी बाहरी दबाव में। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने रूस से व्यापार जारी रखा क्योंकि यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। अमेरिका का तर्क है कि ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों का पालन सभी देशों को करना चाहिए, लेकिन भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखता है। तेल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है और यदि ईरान से सस्ता तेल मिलता है, तो भारत को किसी अन्य देश के प्रतिबंधों की परवाह नहीं करनी चाहिए। अमेरिका ने हाल ही में अमेरिकी सहायता पर भी रोक लगाई और भारत पर इसके दुरुपयोग का आरोप लगाया। भारत आत्मनिर्भरता की नीति के तहत आगे बढ़ रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा चुका है। जी20 शिखर सम्मेलन में भारत ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया और यह दिखाया कि वह वैश्विक मुद्दों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका निभा सकता है। अमेरिका की भारत में रणनीतिक रुचि का एक महत्वपूर्ण कारण चीन की बढ़ती ताकत है। चीन लगातार अपने सैन्य और आर्थिक प्रभाव का विस्तार कर रहा है, जिससे अमेरिका और उसके सहयोगी देश चिंतित हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभुत्व को संतुलित करने में उसकी सहायता करे। इसी कारण अमेरिका भारत को विभिन्न रक्षा और तकनीकी सहयोग कार्यक्रमों में शामिल करना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच क्वाड समूह का गठन भी इसी रणनीति का हिस्सा है। यह समूह चीन के आक्रामक रवैये के खिलाफ एक संतुलन बनाने का प्रयास करता है। अमेरिका को यह समझना होगा कि यदि वह भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत बनाए रखना चाहता है, तो उसे पारस्परिक सम्मान और सहयोग की नीति अपनानी होगी। दोनों लोकतांत्रिक देश हैं और दोनों के आपसी संबंधों में मजबूती बनी रहनी चाहिए, लेकिन यह तभी संभव है जब अमेरिका भारत की संप्रभुता का सम्मान करे। वरना, भारत जैसी तेजी से उभरती हुई शक्ति के सामने उसकी नीतियां अधिक समय तक नहीं टिक पाएंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
## दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।


# यात्रा में नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित
## प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हों, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फास्ट फूड के सेवन से पनपती स्वास्थ्य समस्याएं

भारत की खाद्य संस्कृति वैश्वीकरण, शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के परिणामस्वरूप बदल रही है, जो प्रमुख सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का कारण बन रही है। भारत में युवा पीढ़ी तेजी से फास्ट फूड का सेवन कर रही है, जिसके कारण कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं, जैसे मोटापा, टाइप-2 मधुमेह और हृदय संबंधी विकार। फास्ट फूड में अक्सर बड़ी मात्रा में कैलोरी, चीनी, सोडियम और खराब वसा होती है, जो खराब खाने की आदतों और पोषण संबंधी कमियों को जन्म दे सकती है। इसका परिणाम एक गतिहीन जीवन शैली भी हो सकता है, जो किसी के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बढ़ाएगा।

**- रमेश चौहान**, भाटापारा

## ट्रेंड

### बचाव प्रयास जारी



जोशीमठ (उत्तराखंड) के माणा क्षेत्र में हिमस्खलन हुआ है, जिसका असर बीआरओ के जीआरईएफ कैंप पर पड़ा है। स्थानीय प्रशासन व सेना इकाइयों द्वारा बचाव प्रयास जारी हैं। उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके फंसे हुए कर्मियों को बचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### दिल्ली के हित सर्वोपरि



आप-दा ने 10 वर्षों में दिल्ली के छोटे-छोटे मुद्दों के समाधान पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब डबल इंजन सरकार दिल्ली के हित को सर्वोपरि रखते हुए जनकल्याण हेतु निरंतर कार्य करेगी और एक समृद्ध एवं विकसित दिल्ली के मार्ग को प्रशस्त करेगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली**

### ऋण वृद्धि पुनर्जीवित



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एनबीएफसी और माइक्रोफाइनेंस ऋणों पर बैंक ऋण पर जोखिम भार कम करके ऋण वृद्धि को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

**-स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्योगपति**

### परम चैतन्य



जिस चेतना की उपस्थिति में हम अपने अतीत की ग्लानि और भविष्य की चिंता से मुक्त होते हुए "आनंद से पूर्ण" हो जाएं तब समझिए हम "परम चैतन्य" के कृपाक्षेत्र में हैं। प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करके मुझे यही अनुभूत हुआ।

**-आशुतोष राणा, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# उत्तर कोरिया ने किया क्रूज मिसाइल परीक्षण का दावा



उत्तर कोरिया ने परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए सामरिक रूप से अहम क्रूज मिसाइल के परीक्षण का शुक्रवार को दावा किया। इससे कुछ ही दिन पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका से 'बढ़ते खतरे' का जवाब देने का संकल्प लिया था। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को देश के पश्चिमी तट पर मिसाइल परीक्षणों की निगरानी की। यह उत्तर कोरिया का इस साल चौथा और अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दूसरा मिसाइल प्रक्षेपण कार्यक्रम है। केसीएनए ने कहा कि इन प्रक्षेपणों का उद्देश्य 'हमारी सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन करने वाले और टकराव के माहौल को बढ़ावा देने वाले शत्रुओं को उत्तर कोरियाई सेना की जवाबी हमले की क्षमता और उसके परमाणु संचालन की तत्परता के बारे में सूचित करना है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने परीक्षण के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सेना को युद्ध तथा अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की होगी कमी




आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं। वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में अक्सर उच्च मात्रा में फाइबर और फाइटेट होते हैं, जो शरीर की आयरन को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देते हैं। साबुत अनाज, नट, बीज, फलियां और पत्तेदार साग जैसे वनस्पति आधारित खाद्य पदार्थों में आयरन भरपूर होता है और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन की तुलना में कम आसानी से अवशोषित होता है। मिश्रित आहार यानी सब्जियां, अनाज और पशु-स्रोत वाले खाद्य पदार्थ जैसे कुछ मछलियों, लाल मांस या मुर्गे का सेवन आयरन अवशोषण की सुविधा प्रदान करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# ‘प्लीज मर्दों के बारे में कोई तो बात करे, बेचारे बहुत अकेले हैं’

## आगरा में पत्नी से परेशान टीसीएस मैनेजर ने किया लाइव सुसाइड

एजेंसी ▶▶| आगरा

आगरा में पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के रिक्रूटमेंट मैनेजर के पद पर तैनात मानव शर्मा ने आत्महत्या कर ली। जान देने से पहले मानव ने एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्होंने कहा कि ‘प्लीज मर्दों की सोचो, बेचारे बहुत अकेले हैं...’। इसके बाद फंदे पर लटक कर जान दे दी।


ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। डिफेंस कॉलोनी, सदर के रहने वाले मानव शर्मा ने मरने से पहले 6.57 मिनट का वीडियो बनाया। गले में फंदा और आंख में आंसुओं के सैलाब के साथ मानव ने पत्नी से मिला वो दर्द बयां किया, जो वे शादी के बाद से झेलते आ रहे थे। मानव ने सबसे पहले द लॉ नीड टू प्रोटेक्ट मैन का जिक्र किया। सिस्टम से अपील करते हुए कहा प्लीज मर्दों के बारे में कोई तो बात करे, बेचारे बहुत अकेले हैं। रोते हुए कहा कि कानून में युवाओं को सुरक्षित करने की जरूरत है, नहीं तो कोई बचेगा ही नहीं, जिस पर इल्जाम लगा सको।

**6.57 मिनट के वीडियो में बयां किया दर्द**

**वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल**

**24 फरवरी को किया था सुसाइड**

### 24 फरवरी को किया था सुसाइड


पति मानव

बता दें कि 24 फरवरी को मानव शर्मा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी। मौत से पहले उसने रोते हुए वीडियो बनाया था, उनसे अपनी पत्नी के कैरेक्टर पर सवाल उठाए थे। इसके साथ ही पत्नी पर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया था। वीडियो में मानव आगे कहते हैं कि ‘पापा सॉरी, मम्मी सॉरी, अक्कू सॉरीमेरे जाते ही सबकुछ ठीक हो जाएगा, मुझे जाने दो। मैं कल्पना कर रहा हूं, कैसे मरते हैं। मैंने पहले भी आत्महत्या की कोशिश की। इसके बाद मानव ने अपनी कटी हुई कलाई दिखाई। वीडियो के अंत में मानव ने कहा कि ‘चलो ठीक है, प्लीज आउट, कोई फर्क नहीं पड़ता है, तुम्हारा लॉ आर्डरतुम्हारा लॉ आर्डर। जाएंगे कोई दिक्कत नहीं है, मेरे मां-बाप को बिल्कुल टच मत करना। इन्हीं शब्दों के साथ वीडियो पूरा हो जाता है।

### ‘बहू अपने ब्वायफ्रेंड के साथ रहने की बात कहती थी’

मानव के पिता के अनुसार, बेटे की शादी 30 जनवरी 2024 को बरहन से हुई थी। बेटा टीसीएस में था, इसलिए बहू को मुंबई ले गया। उन्होंने आगे कहा कि बहू आए दिन झगड़ा करती थी और परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। बहू अपने ब्वायफ्रेंड के साथ रहने की बात कहती थी। 23 फरवरी को बहू और बेटे मुंबई से घर आए। उसी दिन मानव पत्नी को छोड़ने मायके गया था। पिता का आरोप है कि यहां मानव को बहू के मायके वालों ने धमकाया।

### अतुल सुभाष केस से मिलती-जुलती घटना

यह घटना बेंगलुरु के अतुल सुभाष आत्महत्या केस से मिलती-जुलती मानी जा रही है, जिसमें भी पत्नी द्वारा किए गए उत्पीड़न से परेशान होकर एक युवक ने अपनी जान दे दी थी। मानव शर्मा की आत्महत्या ने एक बार फिर वैवाहिक संबंधों में पुरुषों पर होने वाली प्रताड़ना पर बहस छेड़ दी है। उनका दर्दनाक वीडियो कई सवाल खड़े करता है कि क्या पुरुषों के लिए भी सुरक्षा कानून बनाए जाने चाहिए? पुलिस मामले की जांच कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही सच्चाई सामने आएगी।

### मानव की पत्नी का भी आया बयान


पत्नी निकिता

इधर, मानव की पत्नी निकिता का कहना है कि जिस दिन मानव की डेथ हुई मैंने उनकी बहन और उनके पिता से कहा कि वो फांसी लगा रहा है आप लोग कुछ करो, उन्होंने कहा कि कुछ नहीं होगा सो जाओ। उनके घरवालों ने मुझे धक्का देकर घर से बाहर निकाला। निकिता ने यह भी कहा कि मानव शराब पीकर मुझे मारता था, मैंने काफी कुछ सहा है। वो मेरे साथ मारपीट करते थे, मैंने उनके माता-पिता के बारे में भी बताया था लेकिन उनका कहना था कि यह पति-पत्नी की मैटर है, आप लोग ही सुलझा लें।

## खबर संक्षेप



### टीएमसी का जयशंकर के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नयी दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ अमेरिका से भारतीयों के निर्वासन के संबंध में छह फरवरी को उच्च सदन में दिए गए उनके बयान को लेकर विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। जयशंकर ने छह फरवरी को राज्यसभा में एक बयान में कहा था कि भारत सरकार अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जिन भारतीयों को वापस भेजा जा रहा है, उनके साथ गलत व्यवहार न हो। उन्होंने कहा था कि वैध यात्रियों के लिए वीजा को आसान बनाने के लिए कदम उठाते समय अवैध प्रवासन उद्योग पर कड़ी कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नोटिस 20 फरवरी को राज्यसभा सचिवालय को सौंपा गया और इसे राज्य सभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 187 के तहत दाखिल किया गया।

## एक्शन में जम्मू-कश्मीर पुलिस

# पीओके में बैठे 5 आतंकियों की संपत्ति जब्त, ध्वस्त हुआ टेरर फंडिंग का नेटवर्क

एजेंसी ▶▶| जम्मू

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रामबन जिले के गूल इलाके में प्रतिबंधित आतंकवादी समूह हिजबुल मुजाहिद्दीन के पांच गुर्गों की अचल संपत्ति जब्त की है, एक आधिकारिक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पांचों आतंकवादी, संगलदान के सराज दीन (48), दलवाह के रेयाज अहमद (45), बंज भीमदासा के फारूक अहमद (46) और मोइला के मोहम्मद अशरफ (50) और मुश्ताक अहमद (47) पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं।

उन्होंने बताया कि वे इन संपत्तियों को बेचकर आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित करने की कोशिश कर रहे थे। गूल क्षेत्र के इन पांच निर्वासित आतंकवादियों की अचल संपत्तियों की जब्ती, आतंकी फंडिंग नेटवर्क को खत्म करने और क्षेत्र में उग्रवाद के पुनरुत्थान को रोकने में एक निर्णायक कदम है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से सक्रिय आतंकवादियों को एक कड़ा संदेश देता है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के उनके प्रयासों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भारत में किसी बड़े साजिश के फिराक में थे आतंकी




### व्यक्तियों के परिवारों को होगी मुश्किल

पुलिस ने कहा कि इन व्यक्तियों के परिवारों को अब कानूनी और वित्तीय बाधाओं का सामना करना पड़ेगा, जिससे वे आतंकवादी गतिविधियों को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्रदान करने से रोक सकेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन आतंकी फंडिंग, ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्लू) नेटवर्क और घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों पर सक्रिय रूप से कार्रवाई कर रहा है और इसने हाल के वर्षों में आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को काफी कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि नवीनतम कार्रवाई सरकार की आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति के अनुरूप है।

### आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी

गूल में उप-विभागीय पुलिस अधिकारी द्वारा जारी जब्ती आदेश, जम्मू-कश्मीर पुलिस या पुलिस की अनुमति के बिना इन संपत्तियों से संबंधित बिक्री, पट्टे या किसी अन्य प्रकार के लेन-देन को रोकता है। उन्होंने कहा कि अन्य नामित प्राधिकारियों द्वारा जब्ती से आतंकी फंडिंग का संभावित स्रोत समाप्त हो जाएगा, जिसका उपयोग क्षेत्र में हिजबुल मुजाहिद्दीन के प्रभाव को पुनर्जीवित करने के लिए किया जा सकता था।

### क्षेत्र को अस्थिर करने की थी कोशिश

प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षाबल जम्मू-कश्मीर में दीर्घकालिक शांति, स्थिरता और विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जबकि क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हैं। पुलिस के अनुसार, पांचों आतंकवादी हथियार प्रशिक्षण प्राप्त करने और भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पीओके में घुस आए थे। प्रवक्ता ने कहा कि खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि वे जम्मू-कश्मीर में अपनी अचल संपत्तियों को बेचने का प्रयास कर रहे थे, जिसका उद्देश्य आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित करना और स्थानीय युवाओं को उग्रवाद में फंसाना था।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के मददगारों पर होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**गृहमंत्री अमित शाह ने यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भारत में उन्हें प्रवेश कराने में मदद करने वाले नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

शाह ने यह निर्देश राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में गृहमंत्री ने कहा कि लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों और सब-डिविजन के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### पूरे नेटवर्क को बनाया जाएगा निशाना

केंद्रीय गृहमंत्री ने बैठक में कहा, ‘बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश में अवैध रूप से प्रवेश कराने, उनके दस्तावेज बनवाने और यहां रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। घुसपैठियों का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है और इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उनकी पहचान की जानी चाहिए और उन्हें निर्वासित किया जाना चाहिए।’ गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि दिल्ली में निर्माण से संबंधित मामलों में दिल्ली पुलिस की अनुमति की जरूरत नहीं होगी । उन्होंने 2020 दिल्ली दंगों के मामलों के त्वरित निपटान के लिए दिल्ली सरकार से विशेष अभियोजक नियुक्त करने को कहा जिससे इन मामलों का जल्द निपटारा हो सके। दिल्ली पुलिस को अतिरिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू करने को भी कहा गया है। शाह ने कहा कि पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी थाने के स्तर पर जन-सुनवाई कैंप लगाएं और जनता की समस्याओं का निराकरण करें। जेजे क्लस्टर्स में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से नई सुरक्षा समितियां बनाए जाने का भी निर्देश उन्होंने दिया। बैठक के दौरान यातायात को सुगम बनाने के लिए उन्होंने दिल्ली पुलिस से रोजाना जाम लगने वाले स्थानों को चिन्हित करने को भी कहा।

# भारत ने फिर से उठाई यूएन सुरक्षा परिषद में तत्काल बदलाव की मांग

**यूएन में भारत के राजदूत पी.हरीश बोले, यूएनएससी और इससे जुड़े संबंधित निकायों में पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने एक बार फिर से पुरजोर अंदाज में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बदलाव की मांग की है। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी.हरीश ने एक अंतर-सरकारी सम्मेलन में कहा कि परिषद और इससे जुड़े हुए अन्य निकायों के कामकाज में संशोधन करने की नितांत आवश्यकता है। मौजूदा समय में जब दुनियाभर से यूएन की क्षमताओं पर सवालिया निशान खड़े किए जा रहे हैं। तब बदलाव किया जाना बेहद जरूरी हो जाता है।

### आतंकी संगठनों पर बैन न लगाने की वजह बताएं



हरीश ने यह भी कहा कि बीते कुछ वक्त से संयुक्त राष्ट्र मानवता के मुद्दों पर कुछ खास कदम नहीं उठा पा रहा है। उन्होंने मांग की कि यूएन को भारत व अन्य पक्षों को आतंकवादी संगठनों को काली सूची में डालने की मांग को खारिज करने या उसे लंबित रखने के कारणों का खुलासा करना चाहिए। यह पूरी प्रक्रिया एक प्रकार से छिपा हुआ वीटो है।

### परिणाम पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी

भारत के राजदूत ने कहा कि यूएन में सुधार को लेकर दुनिया के तमाम देश इच्छुक हैं। सभी के द्वारा इस मामले पर कई बार बातचीत भी हो चुकी है। लेकिन आज तक उसका कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। ऐसे में सदस्य देशों को इसे लेकर बहुत अधिक समय वार्ता में बर्बाद नहीं करना चाहिए। बल्कि हमारा जोर परिणाम पर पूरी तरह से केंद्रित होना चाहिए।

# कोमा की हालत में अस्पताल में भर्ती नीलम के परिवार को मिला अमेरिका का वीजा

**बोले नीलम के पिता तानाजी शिंदे, शनिवार को बेटी से मिलने के लिए जाएंगे कैलिफोर्निया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका के कैलिफोर्निया में 14 फरवरी को एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच कोमा की हालत में भर्ती भारतीय छात्रा नीलम शिंदे के परिवार को अमेरिका का आपातकालीन वीजा मिल गया है। उनके पिता तानाजी शिंदे शनिवार को अपनी बेटी से मिलने के लिए कैलिफोर्निया रवाना होंगे। परिजनों की गुहार पर विदेश मंत्रालय ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करने के लिए अमेरिका की सरकार से हाल ही में बातचीत की थी। जिसके बाद 28 फरवरी की सुबह 9 बजे नीलम के परिजनों को मुंबई स्थित अमेरिका के वाणिज्य दूतावास में वीजा जारी करने से पहले जरूरी साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। बताते चलें कि 35 वर्षीय नीलम शिंदे महाराष्ट्र के सतारा की रहने वाली हैं। इस दुर्घटना में उसके सिर और दोनों हाथ, पैर में गंभीर चोट आई है। अस्पताल उसकी ब्रेन सर्जरी करना चाहता है। जिसके लिए परिजनों की लिखित सहमति की आवश्यकता है।

### 30 मिनट में पूरी हुई वीजा की कार्रवाई

नीलम के पिता ने मीडिया से बातचीत में इस दुखद हादसे से जुड़ा समूचा वृतांत बताते हुए कहा कि बीते 16 फरवरी को नीलम के साथ रहने वाली उसकी एक दोस्त से फोन पर बातचीत हुई थी। लेकिन उसने मुझे इस दुर्घटना के बारे में कुछ नहीं बताया। लेकिन बाद में उसने नीलम के चाचा को इस घटना के बारे में पूरी जानकारी दी। अभी फिलहाल नीलम कोमा में है। आज मैं और मेरे परिवार के लोग अमेरिका के दूतावास में वीजा लेने के लिए आए थे। दूतावास के अधिकारियों ने हमारा साक्षात्कार लिया और करीब आधे घंटे में ही तमाम प्रक्रिया को पूरा कर हमें अमेरिका का वीजा दे दिया गया। अब हम 1 मार्च को अमेरिका के लिए रवाना हो जाएंगे।

# ‘मिराज, मिग-29, जगुआर जैसे पुराने लड़ाकू विमानों को बदलना जरूरी’

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**भारतीय वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा**




भारतीय वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि वायुसेना को हर साल 35-40 नए लड़ाकू विमानों की जरूरत है। यह संख्या मौजूदा कमी को पूरा करने और पुराने लड़ाकू विमानों जैसे मिराज, मिग-29 और जगुआर को बदलने के लिए जरूरी है। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार वायुसेना चीफ ने कहा कि हाल ने अगले साल 24 तेजस मार्क-1A विमान बनाने का वादा किया है, जिससे वे खुश हैं। उन्होंने प्राइवेट कंपनियों की भागीदारी से प्रोडक्शन बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वायुसेना के पास अभी 31 स्क्वाड्रन हैं, जबकि जरूरत 42 स्क्वाड्रन की है।

### लक्ष्य को हासिल करना असंभव नहीं

सिंह ने कहा कि भारत में हर साल कम से कम 35-40 सैन्य विमान बनाये जाने की जरूरत है और इस लक्ष्य को हासिल करना असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिग्रहण के मामले में भारतीय वायुसेना की पहली प्राथमिकता जो भी हो स्वदेशी हो। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इसलिए मैं इस बात से पूरी तरह आश्वस्त हूं कि घरेलू तकनीक मिलती है जो विदेशी प्लेटफार्मों की क्षमता का 90 प्रतिशत भी है, तो भी ठीक है। हम स्वदेशी को ही चुनेंगे, क्योंकि यही एकमात्र तरीका है जिससे हम अपने सिस्टम को बेहतर बनाने के लि हमेशा बाहर की ओर देखने से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को पुराने हो रहे विमानों के बेड़े की जरूरतों को पूरा करने के लिए हर साल कम से कम 35-40 लड़ाकू विमान बनाने की क्षमता विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, इसलिए, मैं समझता हूं कि ये क्षमताएं रातों-रात हासिल नहीं की जा सकतीं। लेकिन हमें खुद को उस दिशा में आगे बढ़ाना होगा। अब एलसीए एमके1ए उत्पादन की तरह, एचएएल ने वादा किया है कि अगले साल से, हम प्रतिवर्ष 24 विमान बनाएंगे।





# अमेरिका में भी 'पुष्पा 2' के पीलिंग गाने की गूंज

**मुंबई।** दक्षिण भारत की फिल्म 'पुष्पा 2' काफी मशहूर हुई है। इस फिल्म को विदेशों में भी खूब पसंद किया गया। फिल्म के गाने भी काफी हिट रहे। फिल्म का गाना 'पीलिंग' बहुत मशहूर हुआ। एनबीए के ह्यूस्टन रॉकेट्स बनाम मिल्वौकी बक्स के हाफ-टाइम में प्रदर्शित किया गया। हाफ टाइम में इस गाने पर एक ग्रुप ने डांस किया। जिन लोगों ने गाने पर डांस किया उन्होंने नीली और गोल्डन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से फिल्म के स्टार अल्लू अर्जुन के प्रति सम्मान व्यक्त किया। 'पुष्पा 2' फिल्म पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी। फिल्म हिट रही थी। रिलीज होने के बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

लाइफ Style

# अनन्या

## इन अभिनेत्रियों के निभाना चाहती हैं किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनन्या पांडे ने अपनी कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनन्या ने खुलासा किया कि वह करीना कपूर खान के किरदार पू और गीत को निभाना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह करीना द्वारा निभाए गए किरदारों में से कुछ भी नहीं कर पाएंगी।

अनन्या ने ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का भी नाम लिया। हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में अनन्या की फिल्म कॉल मी बे के डायरेक्टर कॉलिन डी'कुन्हा ने जब उनसे पूछा कि वह कौन से किरदार निभाना चाहेंगी। जवाब में अनन्या ने करीना कपूर खान की फिल्म कभी खुशी कभी गम की पू और जब वी मेट की गीत का नाम लिया, जो उनके दिल के सबसे करीब हैं। अनन्या ने कहा, मैं शायद करीना द्वारा किए गए काम का 0.1 प्रतिशत भी नहीं दे पाऊंगी, लेकिन वे बहुत मजेदार होंगे।

अनन्या ने आगे कहा की वह चमेली में करीना की भूमिका, लक बाय चांस में कोंकणा सेन शर्मा और ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण के किरदार को निभाने की चाहत रखती हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे की फिल्म गहराइयां के निर्देशक शकुन बत्रा ने उनसे उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह बायोपिक करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें द क्राउन और स्पेंसर में प्रिंसेस डायना के किरदार देखने में मजा आया। अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगी, लेकिन मुझे मधुबाला, मीना कुमारी और वहीदा रहमान जैसी 50 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों का किरदार निभाने की इच्छा है।



# पांच साल बाद कानूनी लड़ाई खत्म कर ली कंगना और जावेद अख्तर ने

तपन बक्सी ⏭ मुंबई



बहुत लोग जानते हैं कि 2020 से ही बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और गीतकार-लेखक जावेद अख्तर के बीच कानूनी लड़ाई चल रही थी। 2016 में ऋतिक रोशन को लेकर कंगना रनौत एक विवाद में फंस गई थीं। उस समय, एक टीवी शो में कंगना ने दावा किया था कि अगर वह ऋतिक रोशन या उनके परिवार के खिलाफ कोई बयान देती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, ऐसा उन्हें जावेद अख्तर ने धमकाया था। न सिर्फ धमकी, बल्कि जावेद अख्तर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर किया था। करीब पांच साल तक यह मामला अदालत में चला, लेकिन अब दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है। आज, मुंबई में कंगना रनौत ने जावेद अख्तर के साथ अपनी एक अनूठी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की और लिखा – !आज जावेद जी और मैंने हमारे बीच चल रहे मानहानि के मुकदमे को खत्म कर दिया। जावेद जी हमेशा से बहुत दयालु और नेकदिल इंसान रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि वह मेरी अगली निर्देशित फिल्म के लिए गाने लिखेंगे।'

गौरतलब है कि पांच साल पहले, कंगना रनौत ने एक बयान में कहा था –'जब ऋतिक रोशन के साथ मेरा विवाद सार्वजनिक हुआ था, तब एक दिन जावेद जी ने मुझे अपने घर बुलाया था। वहां उन्होंने मुझसे कहा था कि ऋतिक रोशन के पिता, राकेश रोशन और उनका परिवार बॉलीवुड में बहुत प्रभावशाली है। अगर तुमने उनसे माफी नहीं मांगी, तो तुम्हारे पास बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। वे तुम्हें जेल भी भिजवा सकते हैं। तब तुम्हारे पास खुद को खत्म करने (आत्महत्या) के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचेगा।'

# कियारा-सिद्धार्थ के यहां आने वाला है नन्हा मेहमान

**मुंबई।** कियारा आडवाणी सिद्धार्थ मलहोत्रा जल्द ही मां-बाप बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी है। जैसे ही उन्होंने ये जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी वैसे ही बधाइयों का दौर शुरू हो गया। कई फिल्मी सितारे जिनमें आलिया भट्ट, सामांथा रुथ प्रभु, फरहान अख्तर और ईशान खट्टर शामिल हैं, ने उन्हें बधाई दी है। पोस्ट पर आलिया भट्ट ने दिल कमेंट किया है। करीना कपूर ने लिखा है 'आपका अच्छा वक्त आ रहा है। भगवान आप पर दया करे।' ईशान ने कमेंट किया 'बधाई हो दोस्तों! और आप जल्दी बड़े हो जाओ छोटे। आपका सफर आसान हो।' रश्मिका मंदाना ने लिखा 'आप दोनों को बधाइयां।' सामंथा ने लिखा 'ओ मेरे भगवान। मुबारक हो।' फरहान अख्तर ने लिखा 'मुबारक हो।' कियारा और सिद्धार्थ ने अपने ज्वाइंट इंस्टाग्राम पर लिखा 'मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा आ रहा है।' इसके साथ उन्होंने कई इमोजी भी पोस्ट की। उन्होंने इसके साथ एक तस्वीर भी शेयर की जिसमें दोनों ने अपने हाथ में बच्चे का एक मोजा पकड़ा हुआ है।



epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी
सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** फैक्टरी, होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन 12000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल :- 7746000016, 8720005500.(RO-3160)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 91311-39179.(RO-3334)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884.(RO-A)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### टेक्नीशियन/फील्ड वर्क

**आवश्यकता है-** फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास फ्रेशर या अनुभवी एवं फील्ड वर्क लेबर लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जावेगी सैलरी पांच अंकों में संपर्क यश. एल. ई. डी.टेक्नोलॉजी प्रा. लि. कचना रायपुर मोबाइल 9926791401 संपर्क समय 10 AM TO 5 PM(RO-507)

### इलेक्ट्रीशियन

**आवश्यकता है-** ट्रांसफार्मर मेंटनेंस एवं इलेक्ट्रिकल पैनल मेंटनेंस कार्य हेतु राईस मिल में इलेक्ट्रिशियन की आवश्यकता है। कुल 2 पोस्ट। सम्पर्क करें- 9826136200.(RO-156)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3333)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ, OT टेक्नीशियन ड्रेसर, कंपाउंडर, PRO, (मार्केटिंग) रिसेप्शनिष्ट, अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- कैलाश कांता हॉस्पिटल जोरा रायपुर 9300734153, 0771-2994153.(RO-7448)

### खाना मिस्त्री

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-36927)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### लेबर कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की एवं ड्राइवर की जरूरत है। संपर्क करें- एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर। मो . 7469980000, 07714075490. (RO-6233)

### होटलकर्मी

**आवश्यकता है-** होटल में कार्य महिला/ पुरुष पोस्ट - वेटर ,सफाई कर्मचारी कुक/ शेफ, किचन स्टाफ, सुपरवाइजर, रेस्टोरेंट मैनेजर , रिसेप्शनिस्ट कार्य जानकार को प्राथमिकता। संपर्क - होटल अपना केसरी होटल शिव- प्रभा, पावर हाऊस भिलाई, मो.-98932-15251,89669-81590(आरो नं.-690)

### घरेलु कार्य

**तत्काल आवश्यकता है-** घरेलू नौकर बंगले में कार्य हेतु अनुभवी घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 से 10 वर्ष वेतनः योग्यतानुसार केवल अनुभवी पुरुष उम्मीदवार ही संपर्क करें:- 9109972720.(RO-3332)

### कुली/मजदूर

**आवश्यकता है-** रायपुर, दोनदेकला स्थित दाल मिल में काम करने के लिए कूली, रेजा, मजदूर की आवश्यकता है, संपर्क करें, 9425205358, 9425525222.(RO-35)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** कलैरीस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड में पैकिंग कार्य एवं गुड्स डिस्पेच हेतु योग्य लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कलैरीस टॉवर गोंडवारा रायपुर 7000263019, 9329684981.(RO-BSP)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### वेल्डर/ठेकेदार

**आवश्यकता है-** वेल्डर, हेल्पर और केजव्हील, कल्टीवेटर निर्माण कार्य हेतु ठेकेदार एवं ग्रुप का भाटागांव स्थित फैक्ट्री हेतु। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें- 9425206781.(RO-100)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** आटोडील में कार्य करने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे- झाबक मोटर्स जियो पेट्रोल पंप के बाजू सरोना चौक रायपुर 9300005455.(RO-158)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के हर जिलों में ड्राइवरों की आवश्यकता है l एवं पार्ट टाईम फुल टाईम काम करने वाले लड़को की भी आवश्यकता है l वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें Mob. 9202875080. (RO-3340)

### पैकिंग/हेल्पर कार्य

**आवश्यकता है-** पैकिंग एवं हेल्पर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध अशोक एंटरप्राइजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 9:00 तक मोबाइल नंबर- 8770676924. (RO-7449)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** दुर्ग भिलाई की आयुर्वेदिक कंपनी में COMPUTER ऑपरेटरों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 8000 + योग्यतानुसार। संपर्क - 9109393552, 8269465640.(आरो नं.-691)

### मार्केटिंग/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं ड्राइवर की आवश्यकता है । कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर मो नं. 7400700030, 7828656506.(RO-158)

हरिभूमि

### ड्रायवर/डिलीवरी बॉय

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता है 11 घंटे ड्यूटी एवं बाइक से होम डिलीवरी हेतु डिलीवरी बॉय की आवश्यकता है (स्वयं का साधन अनिवार्य) वेतन योग्यतानुसार संपर्क 8602055368.(RO-7207)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**Wanted-** Requirement of 3 post of Computer operator, Having thorough knowledge, 4 posts of Godown Incharge only for experience, Requirement of 5 posts of driver for small vehicles. interested candidate may contact us with a resume. Mob.- 8700749996.(RO-117)

### ऑफिस/फील्ड कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस एवं फिल्ड कार्य हेतु एवं साफ-सफाई हेतु लड़का/ लड़की की आवश्यकता हैं। सम्पर्क करें- ए.के. एडवरटाईजर्स, चिमन प्लाजा, तात्यापारा, रायपुर, मो. 9329100220. (RO-7488)

### सिविल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** भिलाई बेस सिविल इन्फ्रा प्रोजेक्ट में शासकीय कार्य करने वाली फार्म को डिप्लोमा होल्डर एवं डिग्रीधारक सिविल इंजिनियर की आवश्यकता कुल-2पद 1जूनियर एवं 1 सिनियर, भत्ता एवं वेतन योग्यतानुसार। कार्यक्षेत्र कांकेर, नारायणपुर, कवर्धा एवं बेमेतरा जिला के अन्तर्गत। स्थानीय एवं अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता। संपर्क:- वाट्सएप - 7722828505, 9755042205 (आरो नं.-692)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मैनेजर

**आवश्यकता है-** होटल (लाजिग) में रिसेप्शन पद हेतु मैनेजर की आवश्यकता है। संपर्क:- होटल पंचवटी, रेल्वे स्टेशन के सामने, स्टेशन चौक रायपुर 7470929192 (RO-125)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** अप्रेंटिसशिप अवसर भिलाई के एक प्रतिष्ठित निजी उद्योग में 25 अप्रेंटिस पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है। कार्यकाल 1 वर्ष (कॉन्ट्रैक्ट आधारित) रहेगा, स्टाइपेंड 9,000 - 10,000 प्रति माहा योग्यता डिप्लोमा इंजीनियर, आई.टी.आई, (मशीनिस्ट , फ़िटर, इलेक्ट्रीशियन, फाउंड्री), बी. कॉम., बी. एस. सी.। केवल 2023-24-25 में उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। संपर्क करें: - 9406082834 Email- hrdept.bhilai123@gmail.com (RO-6239)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर की आवयश्कता है 30 साल से अधिक उम्र को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भाटागांव चौक रायपुर संपर्क 9826129026, 9300129026 (RO-159)

### एकाउंटेन्ट

**आवश्यकता है-** भिलाई में कार्यरत सिविल इन्फ्रा फर्म को 1पद जूनियर एवं 1पद सिनियर एकाउंटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। संपर्क:- वाट्सएप- 7722828505, 9755042205(आरो नं.-693)

### मशीन आपरेटर

**आवश्यकता है-** (Blowing machine) बॉटल फैक्ट्री में मशीन चलाने के लिए आपरेटर की आवश्यकता है बिलासपुर में रहकर काम करना है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826191897. (RO-36986)

हरिभूमि

### ऑफिस कार्य

**Required:-** 1. Back Office Executive: Graduate, experience in Back Office Work. 2. IT Executive: Graduate, Certified in Hardware & Networking. 3. Proofreader: For Hindi English medium Book. Candidate should be PG in Bioscience. Contact: 11:00 to 1:00, Navbodh Prakashan, 7, Samta Colony, Near Bhimsen Bhawan, Raipur Phone: 0771-4200932, hr@navbodh.com (RO-74)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-126)

### अन्य

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8981475043, 7439736348.(RO-704)

**आवश्यकता है-** वनविभाग कम्पनी द्वारा तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या-975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500-52400) तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309.(RO-701)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Services सर्विसेस

**रोजगार प्रशिक्षण**
**क्या आप रोजगार चाहते है ?**
आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें।
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register online @ https://www.grow.org.in
9063485395, 9063486569

**सर्विस -** आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर - 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

हरिभूमि

## Property प्रापर्टी

**प्लॉट बेचना है -** रजिस्ट्रीफ्री प्लाट रु 251 की दर से उतई कृष्णा पब्लिक स्कूल रोड खोपली में बेचना है भारतमला नेशनलहाइवे से लगभग 1किलोमीटर पर है यहाँ 30-25फिट मुरुमरोड, पानी पाइपलाइन एवं बिजली की सुविधा है, किस्त की सुविधा है, संपर्क - 9407964899, 7000027363.(आरो 688)

**प्लॉट उपलब्ध है-** रायपुरा इंद्रप्रस्थ कॉलोनी एवं देवनगरी के पास विभिन्न साइज के प्लाट उपलब्ध हैं संपर्क करें- पारस कंस्ट्रक्शन, गणेश मंदिर चौक, रायपुरा, मोबाइल नंबर: 9827192035 (RO-6969)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

**चिकित्सा मे अचूक प्रामाणिक प्रयोग**

यदि आप सभी उपाय एवं ईलाज कराकर थक गये हो। ना ही दवा को आप छोड़ पाते है ना ही दवा आपको छोड़ता हो बीमारी बार-बार होता हो तो रस रसायन एकमात्र उपाय है। ये सदा के लिए रोग से मुक्ति दिलाकर नवजीवन प्रदान करता है। क्योंकि यह वीर्य के निर्माण के साथ इम्यून सिस्टम में काम करता है जो अचूक है। यह रोग ही नही कारण को दूर करता है।

रस-रसायन अर्थात आर्युवेद के रस भस्म थोड़ा महंगा परंतु सटिक प्रमाणिक चिकित्सा है। जो रोगी के शरीर मे जाने पर चूक नहीं सकता परंतु वात पित्त कफ से सबंधित रोग का निर्णय दवा का गुण एवं सटिक मात्रा की जानकारी होना आवश्यक है।

(1) समस्त प्रकार के लाईलाज चमडी रोग सोरायसिस, जोडो में दर्द, ऊंगलियों का टेढ़ा होना, नाखूनों का सड़ना।

(2) समस्त प्रकार के वायरस-जन्य रोग हेपाटाइटिस (ABC) हर्पिस रोग (स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने-फूंसी, छाले चमड़ी का फटना, लाल होना, रूबेला) जीवाणु जन्य रोग, सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक)

(3) समस्त प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी एवं यौन रोग। नोट : पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग(इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आजतक कोई भी उपाय नहीं हैं। सावधान !

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## खबर संक्षेप



### भारत, जापान के बीच मुद्रा विनिमय समझौता जारी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया है। द्विपक्षीय विनिमय व्यवस्था (बीएसए) एक दो-तरफा व्यवस्था होती है जिसमें दोनों प्राधिकरण डॉलर के बदले अपनी स्थानीय मुद्राओं की अदला-बदली कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जापान के वित्त मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत बैंक ऑफ जापान और भारतीय रिजर्व बैंक ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### वीआईएल को 16.73 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस




**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसे पश्चिम बंगाल के उपायुक्त (बड़ी करदाता इकाई) से 16.73 करोड़ रुपये के जीएसटी भुगतान का आदेश मिला है। दूरसंचार कंपनी ने शेयर बाजार को इस आदेश की सूचना देते हुए कहा है कि वह इससे सहमत नहीं है और इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के लिए उचित कार्रवाई करेगी। कंपनी को यह आदेश 27 फरवरी को मिला है।

### ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी में बेचीं 25,000 इकाइयां



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी में 25,000 इकाइयां बेचीं और 28 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जिससे इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड में उसका नेतृत्व मजबूत हुआ। ओला इलेक्ट्रिक ने बयान में कहा, कंपनी ने एस1 खंड और देश भर में 4,000 स्टोर के बिक्री-एवं-सेवा नेटवर्क के दम पर बिक्री की यह उपलब्धि हासिल की। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने फरवरी माह में सफलतापूर्वक मजबूत बिक्री गति और अग्रणी स्थिति बनाए रखी है।'

### एलआईसी को 479.88 करोड़ का जीएसटी मांग नोटिस




**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2020-21 के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए 479.88 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। एलआईसी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी को 27 फरवरी को राज्य कर उपायुक्त, मुंबई से महाराष्ट्र के लिए ब्याज और जुर्माने के लिए एक मांग आदेश प्राप्त हुआ है।

### ब्लिंकिट 10 मिनट में एप्पल उत्पादों की करेगी आपूर्ति




**नई दिल्ली।** क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट ने भारत के चुनिंदा शहरों में 10 मिनट के भीतर मैकबुक एयर, आईपैड और एयरपॉड्स सहित एप्पल उत्पादों की डिलिवरी शुरू कर दी है। कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अलबिंदर ढींढसा ने यह जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अब मैकबुक एयर, आईपैड, एयरपॉड्स, एप्पल वॉच और अन्य एप्पल एक्सेसरीज (साजो-सामान) 10 मिनट में प्राप्त कर सकते हैं।

# आज से एलपीजी सिलेंडर से लेकर म्यूचुअल फंड और एफडी में होंगे बड़े बदलाव

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

1 मार्च 2025 से कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं, जो आपकी जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर डालेंगे।

- आम आदमी के जेब पर दिखेगा असर

इन बदलावों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें, म्यूचुअल फंड से जुड़े नियम, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के नियम, बैंकों की छुट्टियां और यूपीआई पेमेंट सिस्टम शामिल हैं। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 मार्च 2025 को भी गैस सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जा सकती हैं, जिससे सिलेंडर सस्ता या महंगा हो सकता है। यह बदलाव आपके घरेलू बजट पर सीधा प्रभाव डालेगा क्योंकि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने से रसोई खर्च बढ़ सकता है और घटाने से राहत मिल सकती है। बता दें, 1 फरवरी को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में कटौती देखने को मिली थी।

### फिक्स्ड डिपॉजिट के नियम

1 मार्च से एफडी के नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। बैंकों ने एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों में बदलाव किए हैं, जो आपके निवेश पर रिटर्न को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, टैक्स और निकासी के तरीकों पर भी असर पड़ सकता है। अगर आप एफडी में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो इन बदलावों को समझना आपके लिए फायदेमंद होगा।

- बैंकों ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज दरों में बदलाव किए गए




### म्यूचुअल फंड से जुड़ा नियम बदलेगा

सेबी ने म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स में नॉमिनेशन के नियमों में 1 मार्च 2025 से बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब निवेशक अपने डीमैट अकाउंट्स या म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में 10 लोगों को नॉमिनी बना सकेंगे।

### यूपीआई पेमेंट सिस्टम

यूपीआई पेमेंट सिस्टम में भी बदलाव होने जा रहे हैं। नए नियम के तहत, बीमा-एएसबी सर्विस को यूपीआई सिस्टम में जोड़ा जा रहा है, जिससे लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से अमाउंट ब्लॉक कर सकेंगे। यह बदलाव बीमा प्रीमियम के भुगतान को और अधिक आसान बनाएगा।

### बैंकों की छुट्टियां

मार्च 2025 में बैंकों की छुट्टियों में भी बदलाव होगा। इस महीने में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे, जिससे बैंकिंग सेवाओं के लिए पहले से योजना बनानी होगी। यह बदलाव आपके वित्तीय लेन-देन को प्रभावित कर सकता है। इन सभी बदलावों के साथ, 1 मार्च 2025 से आपकी वित्तीय योजनाओं और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2 प्रतिशत पर, कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2 प्रतिशत रह गई। कृषि को छोड़कर खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहने से इसमें सुस्ती आई है। हालांकि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज किया गया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रही थी।

- खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन रहा खराब

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को आर्थिक प्रदर्शन से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत थी। एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी किया। इसने जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में अनुमानित 6.4 प्रतिशत के मुकाबले आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

**खास बातें**

- तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज
- दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5 .6 प्रतिशत रही थी



### आकार 331.03 होने का अनुमान

बयान के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार चालू वित्त वर्ष के अंत में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि 2023-24 में यह 301.23 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी 47.17 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में यह 44.44 लाख करोड़ रुपये थी।

### स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 187.95 लाख करोड़ होगा

एनएसओ ने बयान में कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 187.95 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 176.51 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2023-24 में 9.2 प्रतिशत थी।

### विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 3.5 फीसदी

सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) के मुताबिक, तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर एक साल पहले की समान तिमाही के 14 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई। खनन और उत्खनन उत्पादन वृद्धि दर तीसरी तिमाही में एक साल पहले के 4.7 प्रतिशत से घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी एक साल पहले के 10 प्रतिशत से घटकर सात प्रतिशत रह गई।

### कृषि क्षेत्र का उत्पादन बढ़ा

हालांकि, इस तिमाही में कृषि क्षेत्र का उत्पादन 5.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। राष्ट्रीय लेखा आंकड़ों से पता चलता है कि बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य जन केंद्रित सेवा क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर घटकर 6.7 फीसदी

सेवा क्षेत्र- व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में वृद्धि दर एक साल पहले के आठ प्रतिशत के मुकाबले 6.7 प्रतिशत रही। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में तीसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत से अधिक है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुंबई देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर घटकर 635.72 अरब डॉलर रह गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण पिछले कई हफ्तों से मुद्राभंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों अनुसार, 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.25 अरब डॉलर बढ़कर 543.84 अरब डॉलर हो गईं।




### स्वर्ण भंडार बढ़कर 74.58 अरब डॉलर

हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 74.58 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड डॉलर बढ़कर 17.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.09 अरब डॉलर हो गया।

# सेबी प्रमुख बुच की जगह लेंगे तुहिन कांत पांडेय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हो रही हैं। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय उनकी जगह लेंगे।

- तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद हो रही सेवानिवृत

बुच हाल ही में कथित हितों के टकराव को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा में रही हैं।

सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बुच ने दो मार्च 2022 को तीन साल की अवधि के लिए पदभार संभाला था। वह अप्रैल 2017 से एक मार्च 2022 तक सेबी की पूर्णकालिक सदस्य भी रहीं। बुच ने पूर्व आईएएस अधिकारी अजय त्यागी का स्थान लिया था, जो एक मार्च 2017 से 28 फरवरी



2022 तक, पांच वर्षों तक शीर्ष पद पर रहे थे। बुच ने अपने कार्यकाल में इक्विटी के तेजी से निपटान, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) खुलासे में वृद्धि तथा म्यूचुअल फंड पैठ बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की, लेकिन उनके कार्यकाल के अंतिम वर्ष में काफी विवाद हुआ जब सेबी के कर्मचारियों ने ''कामकाज के गलत तरीकों'' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। साथ ही अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग तथा विपक्षी दल कांग्रेस ने भी उनपर कई आरोप लगाए थे। हालांकि, हिंडनबर्ग ने अपना कारोबार समेटने की इस महीने ही घोषणा की है।

### बुच ने किया आरोपों से इनकार

बुच ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि ये निवेश उनके नियामक का प्रमुख बनने से पहले किए गए थे और उन्होंने खुलासे के लिए सभी आवश्यक नियमों का पालन किया था। सरकार ने हालांकि अपनी ओर से सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया कि क्या उसने बुच से स्पष्टीकरण मांगा था या नहीं।

### एजीईएल की अक्षय ऊर्जा क्षमता में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात के खावड़ा में 275 मेगावाट की अतिरिक्त सौर ऊर्जा परियोजना के चालू होने से उसकी कुल परिचालन अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 12,258.1 मेगावाट हो गई है। एजीईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '' कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव ए लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में 275 मेगावाट की अतिरिक्त सौर ऊर्जा परियोजना का संचालन शुरू कर दिया है। बयान के अनुसार, इस संयंत्र के चालू होने के साथ ही एजीईएल की कुल परिचालन अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 12,258.1 मेगावाट हो गई है। संबंधित मंजूरी के आधार पर 27 फरवरी 2025 को संयंत्र को चालू करने और 28 फरवरी 2025 से बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने वृद्धि करनी होगी

# भारत को उच्च आय वाला देश बनने 7.8% वृद्धि की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। विश्व बैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व बैंक ने 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना' शीर्षक से जारी अपने भारत देश ज्ञापन में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को वित्तीय क्षेत्र के साथ भूमि एवं श्रम बाजारों में भी सुधार करने होंगे। वर्ष 2000 से 2024 के

- विश्व बैंक ने जारी रिपोर्ट में दी जानकारी



बीच भारत की औसत वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने को मान्यता देते हुए यह रिपोर्ट कहती है कि भारत की पिछली उपलब्धियां उसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है, "हालांकि 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचना सामान्य स्थिति में संभव नहीं होगा... इसके लिए भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) को वर्तमान स्तरों से लगभग आठ गुना बढ़ाना होगा, वृद्धि को और तेज करना होगा और अगले दो दशकों तक ऊंचे स्तर पर बने रहना होगा।

### त्वरित पैकेज सुधार ही एक रास्ता

इसके साथ ही व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ावा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, "साल 2047 तक उच्च आय तक पहुंचने के लिए आने वाले दशकों में भारत की वृद्धि दर वास्तविक रूप से औसतन 7.8 प्रतिशत होनी चाहिए... केवल 'त्वरित सुधार' पैकेज ही भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के रास्ते पर ला सकता है।"



### अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**वाशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। त्योहारी मौसम में उपभोक्ता व्यय बढ़ने से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के ये आंकड़े जारी किए। इसके साथ ही बीती तिमाही में वृद्धि का शुरुआती अनुमान अपरिवर्तित रहा। हालांकि, तिमाही आधार पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन में गिरावट आई है। जुलाई-सितंबर, 2024 की अवधि में अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही वर्ष 2024 के समूचे वित्त वर्ष में अमेरिका की आर्थिक वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2023 में यह 2.9 प्रतिशत रही थी। आलोच्य अवधि में उपभोक्ता व्यय 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे टूटकर 87.46 पर बंद

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे कमजोर होकर 87.46 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा कई देशों पर शुल्क लगाए जाने से वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच गई है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता होने से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में भी अस्थिरता हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.32 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.53 प्रति डॉलर के निचले स्तर एवं 87.46 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 87.46 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 28 पैसे की गिरावट है।



पांच दिनों में आई 20 फीसदी से अधिक गिरावट

# क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन हुई धड़ाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी में इस समय भूचाल आया हुआ है। बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन समेत कई बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गई हैं। पिछले 5 दिनों में इनकी कीमत 20 फीसदी से ज्यादा तक गिर गई है। सबसे ज्यादा नुकसान दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टो एथेरियम को हुआ है। वहीं पिछले 24 घंटे में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही है। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत पिछले 24 घंटे में 5 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। शुक्रवार शाम इसकी कीमत 69.94 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 16 फीसदी की गिरावट आई है। एक महीने में स्थिति और बुरी रही है। पिछले एक महीने में बिटकॉइन की कीमत 22 फीसदी गिर गई है।

### एथेरियम एक माह में 30 फीसदी लुढ़की

*बिटकॉइन के बाद यह दुनिया की दूसरी सबसे महंगी करेंसी है। शुक्रवार को इसमें 7 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई। शाम इसकी कीमत 1.86 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिन की बात करें तो इसमें 23 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में एथेरियम में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। वहीं बात अगर एक महीने की करें तो यह 30 फीसदी से ज्यादा लुढ़क चुकी है।*



### रिपल एक माह में 33 फीसदी गिर चुकी

इस क्रिप्टोकरेंसी का नाम भी टॉप की क्रिप्टो में आता है। लेकिन गिरावट के दौर से यह भी नहीं बची है। शुक्रवार को यह 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 177.76 रुपए थी। पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 20 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं एक महीने में यह क्रिप्टो 33 फीसदी गिर चुकी है।

### मस्क की पसंदीदा करेंसी डॉगकॉइन

इस क्रिप्टोकरेंसी को दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की फेवरेट करेंसी भी कहा जाता है। डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद इसमें काफी तेजी आई थी, लेकिन अब इसमें भी गिरावट आ रही है। शुक्रवार को यह क्रिप्टो करीब 10 फीसदी की गिरावट के साथ 16.31 रुपए पर थी। पिछले 5 दिनों में यह करीब 22 फीसदी लुढ़क चुकी है। वहीं एक महीने में इसमें 40 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गयी जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत थी।

- कोयला उत्पादन 4.6 फीसदी बढ़ा

इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 प्रतिशत, इस्पात उत्पादन 3.7 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल इसी महीने में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 प्रतिशत, तीन प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत हो गया।



### आईआईपी का 40.27 फीसदी योगदान

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान है, जो समग्र स्तर पर औद्योगिक वृद्धि को मापता है।

# इंटरनेशनल मास्टर लीग : सचिन-लारा के बीच 8 को होगी भिड़ंत, 500 रुपए में मिलेगा सबसे सस्ता टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंटरनेशनल मास्टर लीग का आगाज मुंबई से हो चुका है। इस बार 6 देशों की टीमें हिस्सा ले रही है। इस लीग का 12वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच राजधानी के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में खेला जाएगा। इस लीग में क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, पठान ब्रदर्स के साथ-साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा भी एक बार फिर से मैदान में उतरेंगे और चौके-छक्कों की बौछार करेंगे।

रायपुर में कुल 6 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे। ये मैच दर्शकों के लिए खास होंगे, क्योंकि उन्हें स्टेडियम में लाइव देखना का मौका मिलेगा। मैच की तैयारियां जोरों पर हैं, और ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। बता दें कि लीग के मैचों के लिए मुंबई, लखनऊ और रायपुर का चयन किया गया है।

- लीग के 7 मैच रायपुर में खेले जाएंगे, इंडिया का एक ही मैच होगा
- रायपुर में होंगे दो सेमीफाइनल और फाइनल






### पहले दिन महंगी टिकटों की बिक्री

क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों ने टिकट खरीदने शुरू कर दिए हैं। स्टेडियम में सबसे सस्ती टिकट 500 रुपये की है, और इसके लिए दो ब्लॉक विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं। वहीं, लोअर टिकट की कीमत 1000 रुपये है, गोल्ड टिकट की कीमत 6000 रुपये, प्लेटिनियम टिकट 8000 रुपये और कॉर्पोरेट बॉक्स टिकट 10,000 रुपये रखी गई है। केवल इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट की कीमत भी काफी महंगी है। बाकी मैचों की टिकट की शुरुआत 100 रुपये से हो रही है, जो कि काफी सस्ती मानी जा रही है।

### 7 मार्च को रायपुर में आएंगे खिलाड़ी

लीग मैचों में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है। ऐसे में संभावना है कि इंडिया फाइनल में पहुंच सकता है। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक खुशी की खबर है कि फाइनल मैच रायपुर में आयोजित होगा। 7 मार्च को खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे और शाम या सुबह के समय मैदान में अभ्यास करेंगे। मैच 7:30 बजे से शुरू होगा, और इस मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। फाइनल के लिए क्रिकेट प्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### इस दिन होंगे मैच

| | |
|---|---|
| 8 मार्च : | इंडिया मास्टर्स बनाम वेस्टइंडीज मास्टर्स |
| 10 मार्च : | श्रीलंका मास्टर्स बनाम इंग्लैंड मास्टर्स |
| 11 मार्च : | वेस्टइंडीज मास्टर्स बनाम दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स |
| 12 मार्च : | इंग्लैंड मास्टर्स बनाम ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स |
| 13 मार्च | : सेमीफाइनल 1 |
| 14 मार्च | : सेमीफाइनल 2 |
| 16 मार्च | : फाइनल |

**रायपुर आएंगी ये टीमें**

| | |
|---|---|
| इंडिया मास्टर्स | : सचिन तेंदुलकर |
| ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स | : शेन वॉटसन |
| इंग्लैंड मास्टर्स | : इयोन मोर्गन |
| श्रीलंका मास्टर्स | : कुमार संगकारा |
| वेस्टइंडीज मास्टर्स | : ब्रायन लारा |
| साउथ अफ्रीका मास्टर्स | : जैक्स कैलिस |

## खबर संक्षेप



### आरसीबी के सामने अब दिल्ली की कड़ी चुनौती

**बेंगलुरु।** अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में पराजय का कड़वा घूंट पीने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को अब महिला प्रीमियर लीग में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। गत चैंपियन आरसीबी ने वड़ोदरा में खेले गए अपने पहले दो मैच में जीत हासिल की थी लेकिन इसके बाद जब टूर्नामेंट का दूसरा चरण एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाने लगा तो उसे उम्मीद के विपरीत तीन मैच में हार झेलनी पड़ी। इनमें यूपी वारियर्स के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार भी शामिल है।

### आईपीएल के दौरान ही खेली जाएगी पीएसएल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान सुपर लीग का 10वां टूर्नामेंट 11 अप्रैल से शुरू होगा।




पहला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड और दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें दो एलिमिनेटर और 18 मई को होने वाला फाइनल शामिल है। पीएसएल कार्यक्रम की पुष्टि का मतलब है कि इसका आयोजन अधिक आकर्षक और धनाढ्य लीग इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान किया जाएगा।

### जिज्स के साथ अभ्यास से मिला फायदा

**नई दिल्ली।** विश्व कप 1990 चैंपियन नीदरलैंड के साइमन जिज्स के साथ भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग से ठीक पहले सप्ताह भर के गोलकीपिंग शिविर से भारतीय महिला टीम को बेहतर प्रदर्शन में काफी मदद मिली। शिविर में अनुभवी सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबाम और युवा बांसरी सोलंकी ने भाग लिया जिसमें फोकस तकनीकी कौशल, मैच जागरूकता और मानसिक अनुकूलन पर था। साइमन नीदरलैंड की महिला और पुरुष टीमों के साथ काम कर चुके हैं। वह 2016 , 2020 और 2024 ओलंपिक में गोलकीपिंग कोच थे जब नीदरलैंड ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किया।



### यूटीटी का छठा सत्र 29 मई से शुरू होगा

**नई दिल्ली।** भारत में टेबल टेनिस की प्रमुख लीग अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र का आयोजन 29 मई से 15 जून तक अहमदाबाद में किया जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। आयोजकों के अनुसार पहली बार अहमदाबाद में आयोजित की जा रही यह प्रतियोगिता अत्याधुनिक ईकेए एरिना में खेली जाएगी। यह वही स्थान है जहां 2016 में कबड्डी विश्व कप और 2019 में इंटरकॉन्टिनेंटल कप (फुटबॉल) का आयोजन किया गया था। यूटीटी में आठ टीम भाग लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी : बारिश के कारण मैच धुला, दोनों टीमों को मिले 1-1 अंक

# सेमीफाइनल में पहुंचा आस्ट्रेलिया अफगानिस्तान के खिलाफ मैच रद्द

**तीन मैचों में चार अंक के साथ शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया**

एजेंसी ▶▶ लाहौर

अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी का अहम मुकाबला बारिश के कारण शुक्रवार को रद्द होने के बाद आस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच उस समय बारिश के कारण रोकना पड़ा जब 274 रन के लक्ष्य के जवाब में आस्ट्रेलिया ने 12.5 ओवर में एक विकेट पर 109 रन बना लिए थे। मैदानकर्मियों की तमाम कोशिशों के बावजूद पिच पर कई जगह पानी भर गया था जिसे देखकर अंपायरों ने मुआयने के बाद मैच को रद्द करने का फैसला किया। मैच पूरा करने के कटआफ समय से एक घंटा पहले बारिश आ गई थी।

आस्ट्रेलिया ने चार अंक लेकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रावलपिंडी में उसका पिछला मैच भी बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश के समय ट्रेविस हेड 40 गेंद में नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्हें छह के स्कोर पर फजलहक फारुकी की गेंद पर मिडआन में राशिद खान ने जीवनदान भी दिया जिसका उन्होंने भरपूर फायदा उठाया। दूसरे छोर पर कप्तान स्टीव स्मिथ ने 22 गेंद में 19 रन बनाए थे।



**दो शानदार अर्धशतक :** सेदिकुल्लाह अटल के 85 रन और अजमतुल्लाह उमरजइ के 67 रन की मदद से अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 273 रन बनाए। अटल ने धीमी शुरुआत के बाद पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाई जबकि उमरजइ ने आखिर में आक्रामक पारी खेलकर अफगानिस्तान को 270 रन के पार पहुंचाया जबकि एक समय उसके आठ विकेट 235 रन पर गिर गए थे। उमरजइ ने 63 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और एक चौका लगाया।

### अफगानिस्तान की उम्मीदें कम

अब अफगानिस्तान के अंतिम चार में पहुंचने की उम्मीदें कम ही रह गई है। उसे दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। अगर दक्षिण अफ्रीका जीतता है तो ग्रुप में शीर्ष पर रहेगा। इंग्लैंड के जीतने पर दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के तीन तीन अंक होंगे जिससे बात नेट रनरेट पर आ जाएगी। अफगानिस्तान का नेट रनरेट अभी माइनस 0.99 है और वह तभी बाहर होने से बच सकता है जब दक्षिण अफ्रीका 200 रन से अधिक के अंतर से हार जाए।

### मुफ्त में दे दिए 37 रन

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के खिलाफ 37 एक्ट्रा रन दे दिए। स्पेंसर जॉनसन, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट ने वाइड बॉल कीं। अफगानिस्तान की ओर से रहमानुल्लाह गुरबाज का खाता नहीं खुला। वहीं रहमत शाह ने 12, मोहम्मद नबी ने 1, गुलबदीन नायब ने 4 और नूर अहमद ने 6 रन बनाए। ये 5 बल्लेबाज मिलकर 23 रन ही बना पाए। दूसरी ओर टीम को 37 रन मुफ्त में मिल गए।

### एक पारी में अतिरिक्त रन

| रन | टीम | खिलाफ | शहर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 42 | भारत | केन्या | द रोज बाउल | 2004 |
| 38 | नीदरलैंड | श्रीलंका | कोलंबो | 2002 |
| 37 | ऑस्ट्रेलिया | अफगानिस्तान | लाहौर | 2025 |
| 36 | श्रीलंका | बांग्लादेश | मोहाली | 2006 |
| 36 | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज | जोहान्सबर्ग | 2009 |

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह गुरबाज बो जॉनसन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| जदरान का लाबुशेन बो जम्पा | 22 | 28 | 2 | 0 |
| अटल का स्मिथ बो जॉनसन | 85 | 95 | 6 | 3 |
| शाह का इंगलिस बो मैक्सवेल | 12 | 21 | 1 | 0 |
| शाहिदी का लाबुशेन बो जम्पा | 20 | 49 | 1 | 0 |
| उमरजइ का कारी बो ड्वारशुइस | 67 | 63 | 1 | 5 |
| मोहम्मद नबी रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |
| नायब का इंगलिस बो एलिस | 04 | 12 | 0 | 0 |
| राशिद का मैक्सवेल बो ड्वारशुइस | 19 | 17 | 2 | 0 |
| नूर का इंगलिस बो ड्वारशुइस | 06 | 08 | 0 | 0 |
| फजलहक फारुकी नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 37, योग : 50 ओवर में 273/10
गेंदबाजी : जॉनसन 10-0-49-2, ड्वारशुइस 9-0-47-3, एलिस 10-0-60-1, मैक्सवेल 6-1-28-1, जम्पा 8-0-48-2, शॉर्ट 7-0-21-0.

| आस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मैथ्यू शॉर्ट का नायब बो उमरजइ | 20 | 15 | 3 | 1 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 59 | 40 | 9 | 1 |
| स्टीव स्मिथ नाबाद | 19 | 22 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 11, योग : 12.5 ओवर में 109/1
गेंदबाजी : उमरजइ 5-0-43-1, फारुकी 3-0-32-0, नबी 3-0-13-0, नूर 1.5-0-13-0.

## टेनिस

# सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर के नामांकन से हटाया




एजेंसी ▶▶ लंदन

विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के नामांकन से हटा दिया गया है। इटली के इस खिलाड़ी पर डोपिंग जांच में नाकाम रहने के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगा है।

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष सीन फिट्ज़पैट्रिक ने बयान में कहा कि विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी और सिनर के बीच हुए समझौते के बाद इस खिलाड़ी पर प्रतिबंध लगने के कारण यह फैसला किया गया। फिट्ज़पैट्रिक ने कहा, 'लॉरियस अकादमी ने इस विषय पर चर्चा की और इसके बाद इस साल के लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए यानिक सिनर का नामांकन वापस लेने का फैसला किया गया।' पिछले साल नोवाक जोकोविच ने 2023 के लिए लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और स्पेनिश फुटबॉल स्टार ऐटाना बोनमाटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इस साल के पुरस्कारों के लिए नामांकित किए गए खिलाड़ियों की घोषणा सोमवार को मैड्रिड में की जाएगी।

### टालोन दुबई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**दुबई।** टालोन ग्रिक्सपुर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव के खिलाफ चार मैच प्वाइंट बचाकर 2-6, 7-6 (7), 7-5 से जीत दर्ज करके दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रिक्सपुर ने पहले दौर में भी तीन मैच प्वाइंट बचाकर रोमन सफीउलिन को हराया था। इसके बाद उन्होंने बुधवार को गत चैंपियन उगो हम्बर्ट को बाहर का रास्ता दिखाया था। ग्रिक्सपुर का अगला मुकाबला चौथी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटसिपास से होगा। सिटसिपास ने माटेओ बेरेटिनी को 7-6 (5), 1-6, 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मैच में फ़ेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-4, 3-6, 6-2 से पराजित किया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला हराकर क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से होगा, जिन्होंने लुका नारडी को 2-6, 6-3, 7-6 (5) से हराया।

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

# विदर्भ ने बनाई 37 रन की बढ़त केरल के सचिन शतक से चूके



### एक सीजन में सर्वाधिक विकेट

| विकेट | खिलाड़ी | सत्र |
|---|---|---|
| 69* | हर्ष दुबे | 2024/25 |
| 68 | आशुतोष अमन | 2018/19 |
| 67 | जयदेव उनादकट | 2019/20 |
| 64 | बिशन सिंह बेदी | 1974/75 |
| 62 | डोडा गणेश | 1998/99 |
| 62 | कंवलजीत सिंह | 1999/00 |

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी 2024-25 के फाइनल में केरल की टीम का सामना विदर्भ से हो रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन का खेल अब समाप्त हो चुका है। आदित्य सरवटे की 79 रन की पारी और सचिन बेबी के 98 रन के दम पर केरल की टीम ने विदर्भ की टीम का डटकर सामना किया।

तीसरे दिन स्टंप्स तक केरल की टीम 342 रन पर ऑलआउट हो गई। सचिन बेबी अपने शतकीय पारी से महज 2 रन से चूके। इससे पहले विदर्भ की टीम ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। अब केरल की टीम पहली पारी में विदर्भ से 37 रन पीछे हैं। दरअसल, केरल की टीम की तरफ से सचिन बेबी शानदार बैटिंग कर रहे थे, लेकिन तीसरे दिन के खेल में जब वह 98 रन पर बैटिंग कर रहे थे तब वह करुण नायर के हाथों कैच आउट हो गए। उस दौरान केरल की टीम विदर्भ से पहली पारी में 55 रन पीछे चल रही थी और टीम के 3 विकेट बाकी थे। मैच में केरल की टीम ने तीसरे दिन के खेल में अपनी पारी को आगे बढ़ाया और सचिन बेबी ने टीम के लिए जुझारू पारी खेली। उनकी पारी की मदद से केरल की टीम ने 300 रन का आंकड़ा पार किया, लेकिन जैसे ही सचिन का विकेट गिरा तो उसके बाद बाकी बचे हुए तीन विकेट भी जल्दी गिर गए और स्टंप्स तक करल की टीम 342 रन पर सिमट गई।

### हर्ष ने कई दिग्गजों का रिकॉर्ड किया चूर

केरल की पहली पारी में हर्ष ने 44 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान वह काफी किफायती भी रहे। हर्ष ने 2 की इकोनॉमी से 44 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इसके साथ ही वह रणजी ट्रॉफी के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने कई दिग्गजों का रिकॉर्ड चूर कर दिया है। मौजूदा सीजन में हर्ष ने अब तक 69 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जयदेव उनादकट, डोडा गणेश और बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जयदेव उनादकट ने 2019/20 सीजन में 67 विकेट चटकाए थे। बिशन सिंह बेदी ने 1974/75 सीजन में 64 सफलताएं प्राप्त की थीं। वहीं डोडा गणेश ने 1998/99 में 62 शिकार किए थे।

## शुभमन गिल उपलब्ध, विश्राम के दिन अकेले किया अभ्यास

**दुबई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की अटकलों पर विराम लगाते हुए भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल गुरुवार को प्रशिक्षण के लिए आधिकारिक विश्राम के दिन कुछ सहयोगी स्टाफ के साथ अभ्यास के लिए आईसीसी क्रिकेट अकादमी आए। गिल बुधवार को अभ्यास छोड़ने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। उन्होंने विशेषज्ञों और यूएई के नेट गेंदबाजों के थ्रो-डाउन के साथ दो घंटे तक मेहनत की। गिल ने बुधवार को भारतीय टीम के साथ अभ्यास नहीं किया था जिसके बाद उनकी उपलब्धता पर कयास लगाए जा रहे थे। बीसीसीआई प्रबंधन ने हालांकि स्पष्ट किया कि वह ठीक हैं और आराम के लिए एक दिन की छुट्टी ले रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में लगभग 300 रन बनाने के बाद गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ शतक लगाया था। भारत को अपने आखिरी ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ना है। यह मुकाबला दो मार्च को दुबई में खेला जाएगा।

# सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा द. अफ्रीका



एजेंसी ▶▶ कराची

दक्षिण अफ्रीका अपना दबदबा कायम रखते हुए शनिवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में संघर्षरत इंग्लैंड पर जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा।

ग्रुप ए से भारत और न्यूजीलैंड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं लेकिन ग्रुप बी से ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान दौड़ में शामिल हैं। अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से जीत दर्ज करके न सिर्फ इंग्लैंड को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर किया बल्कि अंतिम चार में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को भी जीवंत रखा।

दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। इन दोनों टीम के अभी तीन-तीन अंक हैं जबकि अफगानिस्तान के दो अंक हैं। इंग्लैंड की टीम को अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा थोड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसकी टीम ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके अधिकतर खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं।

# प्रज्ञानानंद ने फिर से ड्रॉ खेली चिदंबरम ने कीमर को हराया

एजेंसी ▶▶ प्राग



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में तुर्की के गुरेल एडिज के खिलाफ अपनी बाजी ड्रॉ खेल कर लगातार दूसरे मैच में अंक बांटे। अरविंद चिदंबरम ने काले मोहरों से खेलते हुए जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। पहले दौर में चैक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ अंक बांटने वाले अरविंद ने काले मोहरों के साथ अपनी पहली जीत हासिल की।

अरविंद दस खिलाड़ियों के बीच राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। दूसरे दौर के अन्य मुकाबलों में दाई वान ने अमेरिका के सैम शैंकलैंड के साथ, शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेई यी ने नीदरलैंड के अनीश गिरी के साथ और वियतनाम के क्वांग लीम ले ने चेक गणराज्य के नवारा डेविड के साथ अंक बांटे। अब जबकि टूर्नामेंट में सात दौर की बाजी खेली जाने बाकी हैं तब भारतीय खिलाड़ी अरविंद ने 1.5 अंक लेकर शैंकलैंड के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है।

### जोस बटलर ने छोड़ी कप्तानी, शर्मनाक रहा इंग्लैंड का प्रदर्शन

**लाहौर।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 इंग्लैंड टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। टीम को अपने पहले दोनों मैच में ही हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में टीम पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। अब इंग्लैंड के वनडे और टी20 कप्तान जोस बटलर ने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 1 मार्च को वह बतौर कप्तान अपना आखिरी मैच खेलेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड के प्रदर्शन की बात करें तो उन्हें पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 22 फरवरी को लाहौर में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया। अपने दूसरे मैच इंग्लैंड टीम की टक्कर अफगानिस्तान से हुई। जोस बटलर की कप्तानी वाली टीम अफगानिस्तान से भी हार गई। अफगान टीम ने इंग्लैंड को 8 रन से शिकस्त दी।



# तीन दिनों तक क्यों बंद रहते हैं मां कामाख्या मंदिर के कपाट? जानें इसका रहस्य

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत मंदिरों का देश है जहां पर कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनका अपना एक गौरवशाली इतिहास है। ये मंदिर प्राचीन होने के साथ ही चमत्कारी हैं और रहस्य से भरे हुए भी हैं। इन मंदिरों की महिमा बहुत निराली है, लेकिन इनके रहस्यों से पर्दा आज तक कोई नहीं उठा पाया है। ऐसा ही एक रहस्यमयी मंदिर असम के गुवाहाटी में स्थित है। इस मंदिर को लोग कामाख्या देवी के नाम से जानते हैं। ये मंदिर देवी के 51 शक्तिपीठों में शामिल है।

## ब्रह्मपुत्र नदी का जल हो जाता है लाल

दरअसल, असम में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी का जल तीन दिनों तक लाल हो जाता है, धार्मिक मान्यता है कि माता कामाख्या तीन दिनों तक रजस्वला होती हैं। इसी दौरान ब्रह्मपुत्र नदी का जल पूरी तरह से लाल हो जाता है। इस दौरान मंदिर के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। इस समय मंदिर में किसी को भी जाने की इजाजत नहीं दी जाती है। हालांकि, तीन दिनों के बाद भक्त माता के दर्शन बिना बाधा के कर सकते हैं। कामाख्या माता के मंदिर में भक्तों को एक विशेष प्रसाद बांटा जाता है। मां के राजस्वला रहने के दौरान उनके दरबार में एक सफेद कपड़ा रख दिया जाता है। जब तीन दिन बाद मंदिर के कपाट खोले जाते हैं, तो ये कपड़ा लाल हो चुका होता है। इसे ही भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है।



## मान्यताओं के अनुसार

लोगों के मन में कामाख्या देवी मंदिर के प्रति बड़ी आस्था है। मान्यताओं के अनुसार, जो भी इस मंदिर में एक बार मां कामाख्या के दर्शन कर लेता है, उसके सारे पाप धुल जाते हैं। यह मंदिर अघोरियों और तांत्रिकों का गढ़ भी कहा जाता है। यहां दूर-दूर से अघोरी और तांत्रिक आते हैं। आज हम आपको इस मंदिर से जुड़े कुछ रहस्यों के बारे में बताएंगे, जिन्हें जानकर आप हैरत में पड़ सकते हैं।

## मंदिर में माता की प्रतिमा नहीं, दिव्य कुंड है


कामाख्या देवी मंदिर में माता की प्रतिमा नहीं है, बल्कि यहां एक दिव्य कुंड है। ये कुंड हमेशा फूलों से ढका रहता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, ये जो कुंड है वो देवी सती की योनी का एक भाग है। बताया जाता है इस कुंड से जल का रिसाव होता है। मान्यता ये भी है कि इस मंदिर के तीन बार दर्शन करने वाला व्यक्ति संसार की सभी मोह माया से दूर हो जाता है।

**27 साल के फोटोग्राफर स्टारमैन ने रचा इतिहास**

# आसमान में 7 ग्रहों का दुर्लभ 'मिलन' ग्रेट प्लेनेटरी परेड की पहली तस्वीर

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

आसमान में प्लेनेट परेड यानी ग्रहों के एक लाइन में आने की दुर्लभ घटना को कैमरे में कैद किया गया है। स्टारमैन के नाम से मशहूर 27 साल के फोटोग्राफर जोश ड्यूरी ने एक ही फ्रेम में पृथ्वी समेत सभी सात ग्रहों की पहली तस्वीर खींची है। यह दुर्लभ खगोलीय घटना ग्रेट प्लेनेटरी परेड की वजह से मुमकिन हो सकी है। ये एक ऐसी घटना है, जिसमें सभी आठ ग्रह एक सीध में आ जाते हैं। साल 1982 यानी चार दशक से भी ज्यादा समय बाद ये ग्रह आसमान में एक सीध में आए हैं। फोटोग्राफर ड्यूरी ने 22 फरवरी को समरसेट के मेन्डिप हिल्स से प्लेनेट परेड की तस्वीर लेकर इतिहास रचा है।




## खास तकनीक का किया इस्तेमाल

जोश ड्यूरी ने बुध, शनि और नेप्च्यून जैसे मुश्किल से दिखने वाले ग्रहों को कैप्चर करने के लिए खास तकनीक का इस्तेमाल किया। इसके लिए उन्होंने कई पैन्स को जोड़कर एक पैनोरमिक इमेज बनाई। इन तीन ग्रहों वाले पैन्स के लिए उन्होंने दो अलग एक्सपोजर का इस्तेमाल किया। एक सामान्य एक्सपोजर जबकि दूसरा बढ़े हुए एक्सपोजर इस्तेमाल किया ताकि धुंधले ग्रहों से हल्की रोशनी भी कैप्चर हो सके। ग्रहों की स्थिति की पुष्टि के लिए उन्होंने प्लेन स्फेयर मैप्स से तुलना की।

## मुश्किल से दिखने वाले ग्रहों को किया कैप्चर

ड्यूरी ने कहा, 'मैंने सात ग्रहों की एक पैनोरमा तस्वीर ली, जिसे प्लेनेटरी परेड कहते हैं। यह नौ तस्वीरों से बनी है, जिसमें शनि, बुध और नेप्च्यून दिखाई दे रहे हैं, जिन्हें देख पाना मुश्किल है। मैंने इनकी लोकेशन जानने के लिए इमेज एनालिसिस और एस्ट्रोनॉमी ऐप का इस्तेमाल किया। यह वाइड-एंगल लेंस से ली गई थी, इसलिए नौ तस्वीर जोड़कर पैनोरमा बनाया गया। इसमें एक फ्रेम का एचडीआर ब्लेंड किया ताकि शनि, नेप्च्यून और बुध दिखाई दें।'

**लौह युग की शुरुआत को लेकर बदल जाएगी दुनिया की मान्यता**

# लोहे के इस्तेमाल का सबसे पुराना साक्ष्य मिला भारत में

**अंकारा।** दुनिया में अब तक तुर्की को लोहे का उत्पादन शुरू करने वाले सबसे पहले क्षेत्र के रूप में माना जाता रहा है, लेकिन हाल ही में हुए एक खोज ने लौह युग की शुरुआत को लेकर नई बहस शुरू कर दी है। पुरातत्वविदों को भारत के तमिलनाडु में छह जगहों पर लोहे की वस्तुएं मिली हैं, जो 2953-3345 ईसा पूर्व तक पुरानी हैं। हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि दक्षिणी राज्य दुनिया के उन पहले स्थानों में से एक था, जहां लोहे को गलाकर इस्तेमाल किया जाता था।



## कहां से आया शुरुआती लोहा

शुरुआत में इंसानों ने जब लोहे का इस्तेमाल शुरू किया तो यह दो प्रकार का था। एक उल्कापिंड से और दूसरा गलाने वाला लोहा था। गलाने वाला लोहा अयस्कों से निकाला जाता था। बड़े पैमाने पर उत्पादन के साथ इसे लौह की शुरुआत के लिए जिम्मेदार माना जाता है। उल्कापिंड वाला लोहा धरती पर गिरे उल्कापिंडों से प्राप्त होता है।

## गलाकर करते थे लोहे का इस्तेमाल

तमिलनाडु के राज्य पुरातत्व विभाग की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 5300 साल पहले क्षेत्र में रहने वाले लोग लोहे को गलाने के बारे में जानते थे और उसका इस्तेमाल करते थे। इसके लिए 1200 से 1400 डिग्री तापमान की आवश्यकता होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ताजा खोज से पता चलता है कि लोहे को निकालने, गलाने, गढ़ने और उसे आकार देने की प्रक्रिया भारतीय उपमहाद्वीप में शुरू हुई होगी।

**लौह युग का मिला प्रमाण :** पुरातत्वविदों ने तमिलनाडु के आदिच्चनल्लूर, शिवगलाई, मयिलाडुमपराई, किलनामंडी, मंगडू और थेलुंगनूर स्थलों से नमूने जमा किए। शिवगलाई से प्राप्त चारकोल और बर्तनों के टुकड़े (सिरेमिक सामग्री के) का इतिहास 2953 से 3345 ईसा पूर्व का है।




**हरिभूमि माह फरवरी 2025 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| | कुल | 140.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक फरवरी 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक

# 10 महीने तक लगातार उड़ता है 'कॉमन स्विफ्ट', आसमान में ही खाता और सोता है

**लंदन।** इस धरती पर कई ऐसे जीव हैं, जिनके खासियत जानने के बाद हैरानी होती है। आज हम आपको एक ऐसे ही पक्षी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आकाश में ही खाता है, आकाश में ही सोता है और लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। आकाश में खाने-पीने और सोने वाले रहस्यमयी पक्षी का नाम 'कॉमन स्विफ्ट' है। शोध से पता चला है कि ये पक्षी लगातार 10 महीनों तक आकाश में उड़ सकते हैं। ऐसे पक्षी आमतौर पर यूरोप में पाए जाते हैं, जिसे कॉमन स्विफ्ट पक्षी के रूप में जाना जाता है। यह पक्षी काफी हद तक फिंक जैसा दिखता है। यह पक्षी अपनी गति के साथ-साथ उड़ने की क्षमता के लिए भी प्रसिद्ध है। कई लोगों को आश्चर्य होता है कि यह पक्षी कैसे सोता है, जबकि यह लगातार 10 महीने तक उड़ने की क्षमता रखता है!



**गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है नाम :** कॉमन स्विफ्ट का आकार टारपीडो मिसाइल जैसा होता है, तथा इसके पंख तीखे व लंबे होते हैं। सदियों से पक्षी प्रेमी इस पक्षी की उड़ान कौशल से मोहित होते रहे हैं। इस लंबी यात्रा के कारण पक्षी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। विज्ञान शिक्षक अरूप दत्ता ने बताया कि यह पक्षी जब किसी पेड़ की टहनी या जमीन पर उतरता है तो वह सिर्फ एक से दो घंटे के लिए ही रहता है।

## आकाश में उड़ने वाले कीटों को पकड़ते हैं और खाते हैं

शोधकर्ताओं ने बताया है कि बहुत अधिक ऊंचाई पर जब ये पहुंच जाता है, तो वहां से धीरे-धीरे उतरते समय यह हल्की झपकी ले लेता है। इतना ही नहीं, तेज उड़ने वाला यह पक्षी आकाश में उड़ने वाले कीटों को पकड़ते हैं और खाते हैं। ये पक्षी उड़ते समय भी अपने पार्टनर से संबंध स्थापित कर लेते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com